सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

Akashdeep Complex Supela, Bhilai
बेचना है
1st Floor 350 Sq.Ft.
Shop No.-132, 133
Contact - 9826600107
मीत ऑप्टिकल्स

वर्ष- 15 अंक - 89 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 11 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### पोस्टमार्टम करने वाली संतोषी दुर्गा को रामलला का निमंत्रण, 1200 से ज्यादा शवों के पोस्टमार्टम में कर चुकी है सहयोग

**कांकेर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख नजदीक आती जा रही है, ऐसे वहां तैयारियां जोरों से चल रही हैं। वहीं इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए देश भर के प्रतिष्ठित लोगों को न्योता दिया जा रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की संतोषी दुर्गा को भी अयोध्या से प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। संतोषी दुर्गा के लिए अयोध्या से प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिलना एक सपने का सच होने जैसा है।

कांकेर जिले के ब्लाक नरहरपुर में रहने वाली संतोषी के पिता रतन सिंह सिंदूर कभी नरहरपुर सामुदायिक केंद्र में पोस्टमार्टम का काम किया करते थे, लेकिन हमेशा उनके द्वारा शराब पीना परिवार की आर्थिक हालत और उनकी सेहत पर असर डाल रहा था। संतोषी ने उन्हें कई बार शराब का सेवन नहीं करने की बात कही, लेकिन संतोषी के पिता का यही जवाब होता की पोस्टमार्टम जैसे कार्य को बिना शराब पिए नहीं किया जा सकता। ऐसे में संतोषी ने अपने पिता के सामने शर्त रखी की वो बिना शराब पिए पोस्टमार्टम करके दिखाएगी। वर्ष 2004 का वो समय है, संतोषी तब से आज तक करीब 1200 लोगों का पोस्टमार्टम में सहयोग कर चुकी है। संतोषी ने बताया कि अयोध्या के लिए पहले निमंत्रण के लिए रायपुर से फोन फिर उन्हे पोस्ट के जरिए निमंत्रण कार्ड भी मिला। संतोषी बेहद खुश है, पर उन्हें इस बात का दर्द भी है कि उनके पिता सालों से पोस्टमार्टम जैसे कार्य जो हर किसी के लिए संभव नहीं है वो किया। अब वो इस कार्य को कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में 'राम वन गमन पथ' का नक्शा बदलेगा, नया प्रस्ताव बनाने अफसरों को निर्देश

**रायपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसे लेकर पूरे देश में उत्साह और उत्सव का माहौल है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 'राम वन गमन पथ' मार्ग बदलने की तैयारी कर रही है। अफ्सरों के मुताबिक, रमन कार्यकाल में बनी पुरानी समिति की रिपोर्ट पर नया प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश सरकार से मिले हैं।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अधिकारियों ने शासन से मिले निर्देश को अब अमल में लाना भी शुरू कर दिया है। धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने पैसा कमाने के लिए अपने हिसाब से मार्ग तय किया था। राम वन गमन पथ मार्ग सही बने, इसलिए बीजेपी शासन में समिति की ओर से किए गए सर्वे के आधार पर ही इसे आगे बढ़ाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, रमन सिंह सरकार के कहने पर समिति ने छत्तीसगढ़ में श्रीराम ने जहां-जहां वनवास का समय बिताया, उसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सौंपी थी। इस रिपोर्ट को केंद्र से स्वीकृति नहीं मिल पाई और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई। अब फिर भाजपा सरकार आने के बाद नए सिरे से तैयारी चल रही है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: छत्तीसगढ़ बना देश का तीसरा सबसे स्वच्छ राज्य

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सीएम साय को दिया अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वच्छता सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने देश के बड़े-बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। देशभर के सर्वेक्षण के बाद छत्तीसगढ़ देश का तीसरा सबसे स्वच्छ घोषित किया गया है। यही नहीं दुर्ग जिले के पाटन को एक लाख से कम आबादी वाले शहरों की केटगरी में देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव मिला है। पाटन के अलावा रायपुर, कुम्हारी, महासमुंद और आरंग को भी राष्ट्रीय अवार्ड दिया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों आवार्ड लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस भी समारोह में मौजूद रहे।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में इंदौर और सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का अवॉर्ड मिला। इंदौर को लगातार 7वीं बार ये अवॉर्ड मिला है। इंदौर को गार्बेज फ्री सिटी में सेवन स्टार रेटिंग मिली है। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में पहले नंबर पर इंदौर (मध्यप्रदेश), दूसरे नंबर पर सूरत (गुजरात) व तीसरे नंबर पर नवी मुंबई (महाराष्ट्र) रहे। एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में पहले स्थान पर सासवड (महाराष्ट्र), दूसरे स्थान पर पाटन (छत्तीसगढ़) व तीसरे स्थान पर लोनावाला (महाराष्ट्र) रहे।




### छत्तीसगढ़ ने हासिल की कई उपलब्धियां

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में अच्छे प्रदर्शन के लिए केन्द्रीय आसवन एवं शहरी मंत्रालय द्वारा विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छ सर्वेक्षण देश में कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की और राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड हासिल किए है। वर्ष 2017 में ही छत्तीसगढ़ ओडीएफ राज्य होने की गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल कर चुका है। इसके साथ ही राज्य में तीन लाख निजी शौचालयों का निर्माण पूरा कराये जाने की उपलब्धि भी राज्य ने हासिल की थी। राज्य में स्वच्छता के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए 10 हजार स्वच्छता दीदियों के माध्यम से मिशन क्लीन सिटी शुरू की गई थी। स्वच्छता क्रियान्वयन के बेहतर परिणाम के चलते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को इंदौर में पुरस्कृत किया गया था।

### स्वच्छता के लिए बनी कई नीतियां

छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2014 से 2017 के दौरान स्वच्छता को लेकर जो नीतियां बनायी गई और कई परियोजनाएं शुरू की गई थी, जिसके चलते राज्य में स्वच्छता को स्थायी तौर पर आगे बढ़ाने में मद्द मिली है। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अभिनव प्रयोग करते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण के लिए सुविधा-24 योजना शुरू की गई। निर्मित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के संचालन और संधारण के लिए स्वच्छता श्रृंगार योजना प्रारंभ की गई थी। छत्तीसगढ़ में स्वच्छता को लोगों की आदत में शामिल करने और इसे स्थायी रूप से व्यवहार में लाने के लिए कचरा प्रबंधन, निजी, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण एवं प्रबंधन, सफाई मित्रों की सुरक्षा, कचरा मुक्त शहर, ओडीएफ तथा सेप्टिक टैंक के अवशेष के निपटान पर विशेष से फोकस किया गया, जिसके चलते राज्य में स्वच्छता को सतत् रूप से आगे बढ़ाने में मद्द मिली है।

# दिवाली जैसी दिख रहीं तैयारियां रामलला के स्वागत पर 10 हजार करोड़ का बाजार तैयार



**लखनऊ (एजेंसी)।** रामोत्सव ने उत्तर प्रदेश में त्योहार का रूप ले लिया है। नवरात्र और धनतेरस की तरह 22 जनवरी के लिए लोगों ने अभी तक करीब 22 हजार वाहनों की डिलीवरी के लिए बुकिंग करायी है, वहीं सोने-चांदी के राम दरबार, सिक्के, राममंदिर की आकृति वाली अंगूठी सहित 78 से ज्यादा उत्पाद बाजार में हैं। राम दरबार के वस्त्र गुजरात से यूपी पहुंच रहे हैं। उसी दिन प्रदेश में करीब 6500 से ज्यादा शादियां होंगी। कुल मिलाकर करीब 10 हजार करोड़ का बाजार तैयार है।

इन दिनों सबसे ज्यादा मांग श्रीराम मंदिर मॉडल की है। यह तांबे, पीतल, चांदी, हार्डबोर्ड, लकड़ी के बनाए जा रहे हैं। हस्तशिल्प विभाग के मुताबिक अकेले 15 हजार से ज्यादा हस्तशिल्पी और कारीगर इन मॉडलों को तैयार कर रहे हैं। यूपी रेडीमेड मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज शाह ने बताया कि भगवा रंग से जुड़े वस्त्रों की मांग ज्यादा है। टी शर्ट, कैप, हुडी, शाल से लेकर जैकेट तक की बुकिंग है। उधर खादी के कुर्ते और सदरी की मांग में पांच गुना तेजी आई है। सबसे ज्यादा फायदा कुम्हारों का है। अभी तक तक करीब दो करोड़ दीये बिक चुके हैं। माटी कला बोर्ड के मुताबिक, 22 जनवरी से पहले तक सभी जिलों के अलावा पड़ोसी जिलों से भी दीयों के आर्डर पेंडिंग है। हाल ये है कि सप्लाई नहीं हो पा रही है। उधर फेडरेशन आफ होटल-रेस्त्रां एंड स्वीट हाउस के पीके गुप्ता के मुताबिक 1.5 लाख किलो से ज्यादा लड्डुओं के एडवांस आर्डर पहले ही आ चुके हैं। इसमें छोटे कस्बे, तहसीलों के आर्डर शामिल नहीं है। फूलों की कीमत भी इस वजह से बढ़ गई है। गेंदा और गुलाब की मांग को देखते हुए पूरे प्रदेश से मंगाया जा रहा है। चूंकि फूलों का अधिक समय तक भंडारण नहीं किया जा सकता इसलिए 19 तारीख से ही 22 की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। 15 के बाद सहालग भी हैं इसलिए 18 से 22 के बीच तीन गुना बुकिंग अभी से हो रही है।

फ्लैक्स के कारोबार पर भी राममंदिर की कृपा हो गई है। फ्लैक्स बाजार के बड़े कारोबारी विनोद कुमार ने बताया कि केवल राम मंदिर से जुड़े आयोजनों, उत्सवों और बधाई के लिए लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, नोएडा और गोरखपुर से 80 लाख वर्गफुट की बुकिंग हो चुकी है। प्रदेश की बात करें तो अनुमान के मुताबिक कम से कम 3.5 करोड़ वर्गफुट फ्लैक्स की होर्डिंग बिक जाएगी। यूपी सराफा एसोसिएशन और आल इंडिया गोल्ड स्मिथ ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक प्रदेश में राम मंदिर से जुड़े सोना-चांदी की बिक्री कम से कम 400 करोड़ की होने का अनुमान है।

### दिसंबर में कोरोना से दुनियाभर में हुईं 10 हजार से अधिक मौतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना संक्रमण के मामले वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं, विशेषतौर पर कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 के कारण कई देशों में हालात बिगड़ने की भी खबरें हैं। सिंगापुर-अमेरिका में संक्रमण की एक और लहर की आशंका जताई जा रही है, वहीं भारत में भी कोरोना के मामलों में 40-50 दिनों के भीतर बड़ा उछाल आया है। कोरोना के नए वैरिएंट्स (ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स) को लेकर ज्यादातर अध्ययनों में पाया गया है कि ये वैरिएंट तेजी से संक्रमण जरूर फैलाते हैं पर इसके कारण गंभीर रोग का खतरा कम होता है। पर हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा साझा की गई जानकारियां डरा रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी के प्रमुख ने कहा, पिछले महीने क्रिसमस और फिर नए साल की छुट्टियों के दौरान इकट्ठा हुई लोगों की भीड़ के चलते विश्व स्तर पर नए कोरोना वैरिएंट का संचरण बढ़ गया है।

सचिन पायलट का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

# लोकसभा चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति भारत जोड़ों न्याय यात्रा पर होगी चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर रायपुर आ रहे हैं। पीसीसी के प्रभारी बनाए जाने के बाद यह उनका पहला दौरा है। प्रभारी शैलजा के हटने के बाद सचिन को छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी गई है। बतौर प्रभारी पहली बार प्रदेश के दौरे पर पायलट आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ पहुंचने के बाद पायलट प्रदेश कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में हिस्सा लेंगे। बताया जा रहा है कि सचिन पायलट लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने और आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रदेश के नेताओं से चर्चा करेंगे। इस मीटिंग में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई बड़े नेता शामिल रहेंगे।



पहली बार प्रभारी बनने के बाद छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे सचिन पायलट की स्वागत की तैयारी जोर-जोर से की जा रही हैं। जगह-जगह पर बैनर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सचिन पायलट के दौरे को लेकर कांग्रेस के जो नेता हैं उनमें बेहद उत्साह देखने को मिल रहा है। आज दोपहर लगभग 2 बजे सचिन पायलट छत्तीसगढ़ पहुंचने के बाद सबसे पहले राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक लेंगे। उसके बाद 12 जनवरी को कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में पायलट पहुंचेंगे। वही 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे पर सचिन पायलट वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### बिखर रही कांग्रेस की एकजुट करना बड़ी जिम्मेदारी

छत्तीसगढ़ में बतौर प्रभारी बनकर आए राजस्थान के सचिन पायलट के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। प्रदेश में चुनाव हारने के बाद बिखर रही कांग्रेस को एकजुट करना, नाराज नेताओं को मनाना और सभी को एक साथ लेकर लोकसभा चुनाव की जीत तक लेकर चलना बेहद ही कठिन होगा। कांग्रेस पार्टी ने युवा चेहरे के रूप में सचिन को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एक बार फिर प्रदेश के युवाओं के अंदर जोश भरने का काम किया है। लोकसभा का चुनाव किस तरह से युवाओं की मेहनत के दम पर कांग्रेस लड़ने का काम करगी उसके लिए पायलट युवाओं को तैयार करने पहुंच रहे है। अब देखना होगा कि छत्तीसगढ़ के चुनाव में हार कर रास्ता खो चुकी कांग्रेस को रौशनी दिखाने में सचिन सफल हो पाएंगे या नहीं।

# बढ़ती मानव तस्करी और गैरजिम्मेदार समाज

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

वैसे तो इस शब्द पर ही आपत्ति की जा सकती है। तस्करी कैसी? क्या किसी भी उम्र के लोगों के एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने पर कोई कानूनी रोक है? रोजगार सभी का अधिकार है। ढंग का रोजगार किसी को मिलता नहीं। आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन यापन करना तक मुश्किल है। आदिवासी अंचलों की हालत तो और भी खराब है। यहां रोजगार के अवसर बेहद सीमित हैं। 70-80 के दशक तक यहां के लोग स्वयं में संतुष्ट थे। एक छोटी सी झोंपड़ी, आठ-दस घर का गांव, कुछ बकरियां, कुछ मुर्गियां, सल्फी-महुआ के एक दो पेड़ उनके लिए अथाह संपत्ति हुआ करते थे। पेट भरने के लिए जंगल थे, कुछ सब्जियां घर पर उगा लेते थे। मुर्गी, बकरी, महुआ-सल्फी बेचकर कुछ नगदी भी मिल जाती थी। पर नई पीढ़ी जानवरों की तरह केवल पेट भरकर और बच्चे पैदा कर अपने जीवन की इतिश्री नहीं करना चाहती। अब उनमें भी शहर जाकर अच्छा जीवन जीने की ललक है। बड़ी संख्या में ये अल्प-शिक्षित बच्चे उन लोगों के घरों में काम करते हुए मिल जाएंगे जो कभी न कभी इन आदिवासी अंचलों में रहे हैं। इनमें शिक्षक, बैंक कर्मी से लेकर उच्च पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी सभी शामिल हैं। समय-समय पर ऐसे मामलों का खुलासा भी होता रहा है। बच्चों के माता-पिता को तो वह यही बताते हैं कि बच्चा उनके बच्चों के साथ रहेगा, पढ़ेगा-लिखेगा और समय आने पर उसके विवाह का खर्च भी परिवार उठाएगा। कुछ बच्चों को वाकई अच्छा माहौल मिलता है और वो पढ़-लिखकर कुछ बन भी जाते हैं। पर यह सब उस बच्चे की व्यक्तिगत जिजीविषा पर निर्भर करता है। अधिकांश बच्चों का जीवन नष्ट हो जाता है। वे 24 घंटे के घरेलू नौकर बनकर रह जाते हैं। उन्हें रोटी, कपड़ा और छत तो मिल जाती है पर भविष्य पर कोहरा छाया रहता है। उनके हिस्से का पैसा भी अकसर उनके माता-पिता को दे दिया जाता है। उनके हाथ केवल जेब खर्च ही लगता है। एक उम्र के बाद ये बच्चे शहरी परिवारों के लिए भी बोझ बन जाते हैं। वो उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं। इन बच्चों के लिए गांव के रास्ते बंद हो जाते हैं। शहर में रही हुई लड़की से गांव का लड़का विवाह नहीं करना चाहता। लिहाजा वे शहरों में कटी पतंग की तरह भटक जाती हैं। ऐसे मामलों की कोई पुलिस रिपोर्ट तक नहीं होती। सरकार और समाज, दोनों ने इस व्यवस्था को मान लिया है। दिक्कत तब होती है जब गांव से समूह में बच्चे गायब हो जाते हैं और परिवार का उनसे सम्पर्क टूट जाता है। ऐसा तब होता है जब बच्चे दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, चंडीगढ़, गुरुग्राम, जैसे किसी बड़े शहर में चले जाते हैं जहां जाकर उन्हें तलाश करना मुश्किल होता है। तब कहीं जाकर पुलिस में शिकायत होती है। समाज के सक्रिय सहयोग के बिना इस स्थिति से निपटना कतई संभव नहीं लगता।

Digital Display Board
के माध्यम से अपने व्यवसाय को दे
नई पहचान...



- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासपुर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली

19 एलईडी स्क्रीन वॉल

Harsh Media Advertisers



बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी

Bhagat singh Chwok, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

### महाराष्ट्र से संदेश

महाराष्ट्र में शिवसेना के विभाजन से जुड़ा विवाद अगले चरण में पहुंच गया। बुधवार शाम शिवसेना बनाम शिवसेना मामले पर फैसला सुनाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने स्पष्ट कर दिया कि शिवसेना के संविधान के अनुसार, उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने की कोई शक्ति नहीं है। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि विधानसभा अध्यक्ष ने शिवसेना के शिंदे गुट को ही अब असली शिवसेना मान लिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने निर्णय को न्यायोचित ठहराने के लिए शिवसेना के संविधान का सहारा लिया है। वैधानिक रूप से शिवसेना अब एकनाथ शिंदे के हाथों में आ गई है। महाराष्ट्र में यह जो हुआ है, उसका अंदाजा शिवसेना के उद्धव गुट को पहले से ही था। जाहिर है, उद्धव ठाकरे के पास सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। संभव है, सर्वोच्च न्यायालय विधानसभा अध्यक्ष के फैसले की समीक्षा करे। अत: यह विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। इसके कई अध्याय अभी चुनाव, सदन, सड़क और न्यायालय में लिखे जाने हैं। शिवसेना उद्धव गुट की शिकायत पर भी गौर करना अनुचित नहीं है।

> शिवसेना का यह विभाजन अपने आप में एक मिसाल है, उन पार्टियों के लिए जो एक परिवार आधारित हाईकमान के साथ चल रही हैं। लोकतंत्र में पार्टियां पुश्तैनी नहीं होतीं, उन्हें व्यापक जनाधार और खुले नेतृत्व के आधार पर ही बेहतर चलाया जा सकता है।

विधानसभा अध्यक्ष अपने फैसले से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने के लिए गए थे। मतलब, न्याय देने वाला वास्तव में आरोपी से मिलने गया और फैसला आरोपी के पक्ष में आया, इसी दलील के साथ उद्धव ठाकरे को सर्वोच्च न्यायालय में लड़ना पड़ेगा। हालांकि, उन्हें यह ध्यान रखना होगा कि जिस आधार पर विधानसभा अध्यक्ष ने फैसला किया है, क्या वह सही है? कानून इसके बारे में क्या कहते हैं? अगर फैसला सुनाते समय पार्टी और देश के संविधान की अवहेलना हुई है, तो यह बात तथ्य और तर्क के साथ उद्धव ठाकरे को सर्वोच्च न्यायालय में पेश करनी पड़ेगी। पिता बाला साहेब ठाकरे द्वारा गठित पार्टी को आधिकारिक रूप से भी पुन: पाने के लिए उद्धव ठाकरे को कानूनी रूप से मजबूत होना पड़ेगा। इसमें तो कोई दोराय नहीं कि उद्धव ठाकरे कमजोर हो गए थे और पिता की पार्टी को एकजुट नहीं रख पाए। पार्टी के अंदर ही सत्ता संघर्ष 2022 में तब शुरू हुआ, जब एकनाथ शिंदे ने लगभग 50 विधायकों के समर्थन के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफविद्रोह का बिगुल बजा दिया। समस्या यह हुई कि सदन में बहुमत सिद्ध करने के बजाय उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और इस्तीफे के साथ ही न्यायालय में उनका पक्ष कमजोर हो गया। जब 30 जून 2022 को एकनाथ शिंदे भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बने, तब उद्धव का और कमजोर होना सुनिश्चित हो गया। शिवसेना का यह विभाजन अपने आप में एक मिसाल है, उन पार्टियों के लिए जो एक परिवार आधारित हाईकमान के साथ चल रही हैं। लोकतंत्र में पार्टियां पुश्तैनी नहीं होतीं, उन्हें व्यापक जनाधार और खुले नेतृत्व के आधार पर ही बेहतर चलाया जा सकता है। बाला साहेब का अपना व्यवहार था कि उनकी पार्टी किले के समान मजबूत थी, पर जब किला उद्धव ठाकरे के हाथों में आया, तब एकनाथ शिंदे ने उसे अपने संख्या बल से तोड़ दिया। यह व्यवहार अनैतिक हो सकता है, पर राजनीतिक रूप से अलोकतांत्रिक नहीं। अब संदेश केवल शिंदे के लिए नहीं, उद्धव व अन्य सभी दलों के अध्यक्षों के लिए भी है कि राजनीतिक दल किसी की मनमानी या तानाशाही से नहीं, मिल-जुलकर लोकतांत्रिक ढंग से चलाए जाने चाहिए।

## चुनाव में क्या आर्थिकी, माली दशा के मुद्दे होंगे?

पिछले लोकसभा चुनाव की एक खास बात यह थी कि उसमें अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं थे। चुनाव में व्यापक रूप से राजनीतिक, धार्मिक व राष्ट्रवाद के मसले हावी रहे थे। आमतौर पर जब चुनाव इस तरह के मुद्दों पर होते हैं तब यथास्थिति बनी रहती है। भारत में या दुनिया के दूसरे देशों में भी जब जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे उठाए जाते हैं तभी सत्ता बदल की संभावना पैदा होती है। जैसे 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने उठाया था। तब महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा थी। भ्रष्टाचार का मुद्दा भी था लेकिन उसमें एक पहलू सबसे ज्यादा हावी था काले धन का। कहा जा रहा था कि दुनिया में भारत से भेजा गया चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन जमा है, जिसे नरेंद्र मोदी जीते तो वापस ले आएंगे और उससे भारत की बरबाद हो चुकी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जाएगी।

लेकिन इसके बाद हुए चुनाव में यानी 2019 में विपक्ष प्रभावी तरीके से यह मुद्दा नहीं उठा सका कि चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन कहां है? आर्थिक मुद्दों से जनता का ध्यान हट कर दूसरे मुद्दों पर चला गया था। जनता पुलवामा की घटना की बात कर रही थी या उरी व बालाकोट के सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा हो रही थी। राष्ट्रवाद के इन मुद्दों के अलावा देश मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई दर्जनों फैंसी योजनाओं में अच्छे दिन तलाश रहा था।

पांच साल के बाद एक बार फिर चुनाव आया है तो अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे नदारद हैं। सब कुछ अयोध्या के राममंदिर, जम्मू कश्मीर के अनुच्छेद 370, संशोधित नागरिकता कानून व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की संभावना, काशी की ज्ञानवापी मस्जिद व मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वेक्षण और लक्षद्वीप बनाम मालदीव के विवाद पर केंद्रित दिख रहा है। इन घटनाओं के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर आई कि चालू वित्त वर्ष यानी 2023-23 में देश का सकल घरेलू उत्पादन यानी जीडीपी 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने नए साल के पहले अग्रिम अनुमान के तौर पर यह आंकड़ा जारी किया है। यह आंकड़ा इसलिए अहम है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकार अगले साल का बजट बनाने में करती है। हालांकि अगले साल का पूर्ण बजट चुनाव के बाद आएगा फिर भी चुनाव और अंतरिम बजट से पहले आए इस अनुमान से सरकार को चुनाव के लिहाज से कुछ बड़े फैसले करने का मौका मिलेगा।

ध्यान रहे दुनिया में बहुत कम देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था छह फीसदी या उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। भारत उनमें से एक है। दुनिया की जीडीपी में भारत का हिस्सा करीब 15 फीसदी हो गया है। भारत में इस साल चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने और अनुमान से ज्यादा 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की खबर सत्तारूढ़ दल के लिए बहुत सुखद संकेत है। लेकिन क्या जीडीपी का यह आंकड़ा देश की अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर दिखा रहा है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि जब आप इन आंकड़ों की बारीकी में जाएंगे तो कई चिंता में डालने वाली चीजें दिखेंगी। जैसे राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में कृषि सेक्टर की विकास दर 1.8 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में यह चार फीसदी रही थी। सोचें, जीडीपी में कृषि सेक्टर का योगदान 15 फीसदी के आसपास है और अब भी सबसे बड़ी आबादी रोजगार और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, उस सेक्टर में विकास की दर सिर्फ 1.8 फीसदी है! जब हम आम लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दों की बात करते हैं तो एक समस्या यहां दिखाई देती है। भारत के नौजवानों का मन खेती में नहीं लग रहा है और इसलिए लगातार कृषि कार्य से वर्कफोर्स बाहर निकल रही है। परंतु मुश्किल यह है कि दूसरे सेक्टर में नौकरियां पर्याप्त संख्या में नहीं बढ़ रही हैं। गुणवत्ता वाली नौकरियों का तो देश में अकाल हो गया है। इसका नतीजा यह है कि ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट या इंजीनियरिंग, एमबीए की डिग्री वाले नौजवान चपरासी और जू-कीपर की नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं।

> पिछले दशक में कई झूठी तकरीरें दिखीं, हालांकि कॉरपोरेट क्षेत्र का कर्ज कम करने और बैंक बैलेंस शीट को साफकरने से हमें मदद मिलनी चाहिए थी। अब आवासीय निवेश भी बढ़ रहा है, जो न केवल शेष अर्थव्यवस्था के साथ इसके जुड़ाव के लिए अहम है, बल्कि रोजगार पैदा करने की क्षमता के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा जारी हालिया आंकड़ों से यह पता चलता है कि सकल घरेलू उत्पाद में पूंजी निर्माण का योगदान बढ़ रहा है।

# कठिन दौर में भी टिकी रही अर्थव्यवस्था

नीलंजन राजाध्यक्ष, वरिष्ठ अर्थशास्त्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की सरकार का आखिरी बजट पेश करेंगी। वैसे, यह एक अंतरिम बजट ही होगा, जो मुख्यत: आम चुनाव के बाद नई सरकार के कार्यभार संभालने तक प्रशासनिक कामकाज को जारी रखने के लिए तैयार किया जाता है। अंतरिम बजट में आमतौर पर बहुत ज्यादा गणित नहीं किया जाता, लेकिन कभी-कभी इसका इस्तेमाल या तो करों में कटौती करने या फिर खास मतदाता समूहों को लुभाने के लिए खर्च बढ़ाने के रूप में किया जा सकता है, जैसा फरवरी 2019 में पेश अंतरिम बजट में किया गया था।

जाहिर है, यही उचित समय है कि हम पिछले पांच वर्षों की राजकोषीय नीति की समीक्षा करें, क्योंकि इसी दरम्यान कोविड महामारी से बड़े पैमाने पर मिले आर्थिक झटकों से भी निपटा गया है। इस विश्लेषण से तीन नतीजे स्पष्ट दिखते हैं। पहला, पिछले पांच वर्षों के बजट में ऐसी आर्थिक तरकीबें कम ही दिखती हैं, जो बैंक पुनर्पूंजीकरण, ईंधन सब्सिडी और खाद्य सब्सिडी जैसी मदों में हो रहे असली खर्च को छिपाने की कोशिश करती हों। दूसरा, खास तौर पर महामारी के बाद, राजकोषीय नीति ने नासमझ मितव्ययिता व अनावश्यक फिजूलखर्ची के दोहरे नुकसान से बचने के मामले में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे भारत को उस भुगतान संतुलन के संकट से बचने में मदद मिली, जिसने क्षेत्र की कई अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। इसने भारत में महंगाई विस्फोट भी नहीं होने दिया, जिसका सामना अधिकांश अमीर देशों को करना पड़ा है। तीसरा, जीडीपी वृद्धि और करों में लचीलापन, दोनों संदर्भों में बजट बनाने की प्रक्रिया वास्तविकता के करीब रही है। करों में लचीलापन से पता चलता है कि उत्पादन-मूल्य में प्रत्येक एक प्रतिशत की वृद्धि से सरकार का शुद्ध कर संग्रह कितना बढ़ता है।



चूंकि बीते पांच साल अधिक पारदर्शी लेखांकन, समग्र नीति और यर्थाथवादी दृष्टिकोण के रहे, इसलिए पिछले पांच वर्षों में भारत के बजट अमूमन विश्वसनीय रहे। सरकार पिछले कई वर्षों से अपने राजकोषीय घाटे को लक्ष्य के करीब बनाए रखने में कामयाब रही है। हां, महामारी के दौरान इसमें बड़े पैमाने पर अंतर देखा गया था, जब देश का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान से छह प्रतिशत अधिक हो गया था। मगर बाद में स्थिति संभल गई।

हालांकि, यह केवल यथार्थवादी बजट की कहानी नहीं है। अंतर्निहित आर्थिक परिस्थितियों ने भी सरकार को अपने राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद की, खासतौर से महामारी वर्ष के बाद। मार्च 2022 और मार्च 2023 में समाप्त होने वाले दो लगातार वित्तीय वर्षों में जीडीपी में बढ़ोतरी काफी अच्छी रही। उच्च आर्थिक विकास ने, जो बढ़े हुए वास्तविक उत्पादन के साथ-साथ महंगाई का एक संयोजन है, यह सुनिश्चित किया कि सरकारी खजाने में कर संग्रह निर्धारित लक्ष्य से अधिक बना रहे। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट के बावजूद ईंधन के घरेलू दामों को स्थिर बनाए रखने के फैसले से भी सरकारी खजाने को काफी मजबूती मिली। पिछले तीन वर्षों में करों में मजबूत वृद्धि ने न सिर्फ सरकार को अपनी उधारी पर नियंत्रण रखने में सहायता पहुंचाई, बल्कि उसे बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने का मौका भी दिया। आज राजकोषीय नीति में पूंजीगत व्यय की हिस्सेदारी बढ़ चली है, जो एक ऐसी इच्छा है, जिसे बीते कुछ वर्षों से नीति-निर्माता जताते रहे हैं। यह जितनी बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है, उतनी ही आर्थिक भी।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सार्वजनिक निवेश में यह तेजी निजी क्षेत्र द्वारा नई क्षमता-वृद्धि को बढ़ावा देगी, जिसकी प्रतीक्षा काफी अरसे से की जाती रही है। पिछले दशक में कई झूठी तकरीरें दिखीं, हालांकि कॉरपोरेट क्षेत्र का कर्ज कम करने और बैंक बैलेंस शीट को साफ करने से हमें मदद मिलनी चाहिए थी। अब आवासीय निवेश भी बढ़ रहा है, जो न केवल शेष अर्थव्यवस्था के साथ इसके जुड़ाव के लिए अहम है, बल्कि रोजगार पैदा करने की क्षमता के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा जारी हालिया आंकड़ों से यह पता चलता है कि सकल घरेलू उत्पाद में पूंजी निर्माण का योगदान बढ़ रहा है।

निस्संदेह, महामारी ने अपने पीछे कुछ गहरे घाव छोड़े हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की उत्पादकता अभी करीब 400 अरब डॉलर के आस-पास है। अगर 2020 में दुनिया का आर्थिक पहिया थमा न होता, तो यह इससे भी अधिक होता। यह उत्पादन का एक स्थायी नुकसान है, और एक राजकोषीय बोझ भी, जो लगातार बना हुआ है। लंबी अवधि में राजकोषीय नीति के लिए जो बात मायने रखती है, वह वार्षिक घाटे का आंकड़ा नहीं है, जो स्वाभाविक रूप से आर्थिक चक्रों के साथ बढ़ेगी, बल्कि वह सार्वजनिक कर्ज में आई स्थिरता है। हमारा सार्वजनिक कर्ज महामारी के तुरंत बाद के उच्चतम स्तर (89 प्रतिशत) से नीचे आ गया, लेकिन यह अब भी उस स्तर पर बना हुआ है, जो भारत के इतिहास में शायद ही पहले कभी देखा गया है।

फिलहाल, सॉल्वेंसी संकट की कोई आशंका नहीं है, क्योंकि अधिकांश कर्ज घरेलू निवेशकों के पास है। कोई देश सॉल्वेंसी संकट में तभी फंसता है, जब उस पर इतना कर्ज हो कि वह अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर भी उसे पूरा न कर सके, यानी भले ही वह अपनी पूरी संपत्ति बेच दे, फिर भी वह अपना कर्ज चुकाने में असमर्थ रहे। मगर शुद्ध कर से हमारी जितनी आमदनी होगी, उसका आधा हिस्सा ब्याज में हम चुकाते रहेंगे, जबकि निजी निवेश चक्र के और मजबूत होने से भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरों के प्रबंधन में कठिनाई का अनुभव हो सकता है। जीडीपी के बरअक्स सार्वजनिक कर्ज अब भी महामारी के पहले के स्तर से लगभग पांच प्रतिशत ऊपर है, जबकि पिछले दो वर्षों में इसमें गिरावट आई है, क्योंकि जीडीपी वृद्धि सरकारी उधार की औसत लागत से काफी अधिक रही है। हालांकि, जैसे-जैसे जीडीपी वृद्धि सामान्य होगी, सार्वजनिक ऋण के बोझ को कम करने में प्राथमिक बजटीय संतुलन की भूमिका काफी अधिक होती जाएगी। मगर यह इस सरकार के लिए नहीं, अगली सरकार के लिए सोचने वाली बात है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# राशिद खान अब न आएंगे न पहले-सा फूल खिलेंगे


उमाकांत गुंदेचा, प्रसिद्ध ध्रुपद गायक

उस्ताद राशिद खान के जाने से एक शून्य और बन गया। 1980 के दशक की शुरुआत में ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह में उनसे पहली मुलाकात हुई थी और उसके बाद कई बार हम मिले। हम संगीत रिसर्च अकादमी(एसआरए), कोलकाता में भी खूब मिले।

हमारी आखिरी मुलाकात कुछ ही दिनों पहले दिसंबर 2022 में पुणे में हुई थी। मेरे और अनंत की जुगलबंदी के बाद राशिद भाई और सितारवादक शाहिद परवेज भाई की जुगलबंदी थी। इस जनम में वही हमारी आखिरी मुलाकात रह गई। राग मालकौंस में उस दिन का उनका गायन याद आ रहा है- आज मोरे घर आए न बलमा...।

वह चले गए। कितना याद करूं, अनगिनत यादें हैं, देश-विदेश में, तमाम बड़े शहरों में हमने मंच साझा किया। सामान्य जीवन के बारे में भी हमारी खूब बातें होती थीं। मुझे याद आता है, भोपाल भारत भवन में आइडिया जलसा का कार्यक्रम था, राशिद भाई आए थे, होटल में रुके थे। उनका फोन आया मेरे छोटे भाई रमाकांत गुंदेचा के पास कि तबीयत ज्यादा खराब हो रही है, जल्दी आओ होटल। रमाकांत भागे-भागे होटल पहुंचे, वहां राशिद भाई बुखार से तप रहे थे, वायरल हो गया था। उन्होंने कहा कि चलो, किसी डॉक्टर के पास दिखा लेते हैं, तो हमने कहा, ऐसे में जाना ठीक नहीं है, डॉक्टर मित्र को यहीं होटल बुला लेते हैं। वहीं उनको चिकित्सा मिली। उस शाम ही भारत भवन में उनका गायन था, वह कष्ट में थे, पर श्रोताओं के प्रेमवश वह गाए, 15-20 मिनट।

कलाकार पर जब भगवान मेहरबान होते हैं, तो केवल 25 प्रतिशत मेहनत से ही पूरा निखार आ जाता है। अनेक कलाकार होते हैं, जिनको सौ प्रतिशत मेहनत की जरूरत पड़ती है, पर उस्ताद ऐसे कलाकारों में थे, जिनको भगवान की देन थी। पूरी दुनिया ने उन्हें सुना। वह ईश्वर प्रदत्त प्रतिभाशाली संगीतज्ञ थे। उनके गले से



स्वत: बगैर मेहनत स्वर फूटते थे। उनका मन बहुत सुलझा हुआ था।

वह रामपुर सहसवन घराने के कहलाते थे। उस्ताद निसार हुसैन खान के शागिर्द थे। घराने में होने के बावजूद उनकी गायिकी में हर प्रकार का रंग समाया हुआ था। उस्ताद आमिर खान और उस्ताद बड़े गुलाम अली की गायिकी बिल्कुल अलग प्रकार की थी, पर उस्ताद राशिद खान अपनी गायिकी में दोनों को साथ समेट लाते थे। इतना सक्षम थे कि वह जब चाहें, जैसा चाहें, गा लेते थे। ठुमरी भी गाते थे और खयाल भी। दूसरी विधाओं का भी गायन वह समान कुशलता से करते थे।

इसमें कोई दोराय नहीं कि ईश्वर जब किसी को कला से नवाजता है, तो उसे दुनिया में हर चीज हासिल भी होती है। उस्ताद को हर तरह की कामयाबी हासिल थी। यह खुशनसीबी ही है कि सारे बड़े संगीतकारों का और सारे संगीत रसिकों का प्यार उन्हें हासिल था। हिन्दुस्तान ही नहीं, बाहर के मुल्कों के लोगों का भी उन्हें भरपूर प्यार मिला। उन्हें कम आयु में संगीत से जितना हासिल हुआ, उतना बहुत कम लोगों को होता है।

उन्होंने कबीर को भी गाया, मीरा को भी गाया, राम, कृष्ण और महादेव के भी गीत-भजन गाए। हरफनमौला थे। गायकों का सबका अपना-अपना भाव-स्वभाव होता है, पर कुछ ही गायक होते हैं, जो सब कुछ गाते हैं या गाने की क्षमता रखते हैं। ठुमरी, कजरी, भजन, गजल, सुगम, शास्त्रीय इत्यादि सब कुछ गाते हैं। वह फिल्मी गीत भी बहुत प्यार से पेश करते थे, जैसे उनका एक गीत बहुत सुना जाता है, आओगे तुम जब ओ साजना, अंगना फूल खिलेंगे...। कोई शक नहीं, हर गीत, हर विधा को उन्होंने खूबसूरती से निभाया। उनसे आज के गायकों को सीखना चाहिए कि गायन के प्रति समर्पण कैसा हो। दूसरी बात, भारतीय शास्त्रीय संगीत में अगर हम मेहनत करें, तो यह बहुत प्रेरणादायी है और हमें भी वह मुकाम हासिल हो सकता है, जो एक अच्छे गायक को होना चाहिए।

बहुत दुख हो रहा है कि वह दुनिया से इतनी जल्दी चले गए। पचपन की उम्र जाने की नहीं होती। वह मुझसे दस साल छोटे थे। उनमें अभी बहुत संगीत बचा था। अभी उनको बहुत गाना था। अब हम उनके रिकार्ड सुनते रहेंगे। शास्त्रीय गायन की बात करूं, तो उनकी आवाज में राग मारवा मुझे बहुत पसंद था। इसे वह बड़े भाव से गाते थे। उनका डूबकर गाना बहुत याद आएगा- पिया मोरे अनत देस गइलवा, ना जानू कब आवेंगे...।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# समाज में अपराध के खिलाफ सशक्त सोच बने

विश्वनाथ सचदेव

पिछले डेढ़ साल में पहली बार बिलकिस बानो के चेहरे पर मुस्कान आयी है। सामूहिक बलात्कार और हत्या के अपराधियों को सज़ा में मिली छूट के खिलाफ बिलकिस बानो की याचिका पर निर्णय देते हुए उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में 11 अपराधियों को मिली छूट को धोखाधड़ी (फ्रॉड) कहा है। और गुजरात सरकार की इस कार्रवाई को अनधिकार चेष्टा भी। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार बलात्कार और हत्या के इन ग्यारह दोषियों को यदि सज़ा में कोई छूट मिलती भी है तो वह गुजरात सरकार के नहीं, महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती, जहां न्यायालय ने सज़ा सुनाई थी। ज्ञातव्य है कि आजीवन कारावास की सज़ा भुगत रहे इन अपराधियों को सन् 2002 के गुजरात दंगों के दौरान 'अमानुषिक अपराध' करने के लिए दोषी पाया गया था। संभव है न्यायालय के नवीनतम निर्णय को देखते हुए अब यह अपराधी महाराष्ट्र सरकार से सजा की छूट पाने की कोशिश करें।

ज्ञातव्य यह भी है कि डेढ़ साल पहले जब इन अपराधियों को गुजरात सरकार ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए सज़ा में छूट दी थी तो जेल से छूटने पर इन अपराधियों का सार्वजनिक स्वागत हुआ था, इन्हें मालाएं पहनाई गयी थीं, माथे पर तिलक लगाया गया था। यही नहीं, विश्व हिंदू परिषद जैसी संस्थाओं ने इन्हें नायक की तरह प्रस्तुत किया था। एक गर्भवती महिला के साथ सामूहिक बलात्कार करने और बिलकिस की 3 वर्ष की बच्ची समेत उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने वालों को मान देने की मानसिकता पर भी आज सवाल उठाना जरूरी है।



न्यायालय ने अपना काम किया है, आगे भी कानून के शासन के ऐसे उदाहरण मिलते रहेंगे। न्याय के लिए लड़ने वाली बिलकिस बानो को देश में समर्थन भी मिला है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे भी इस तरह का समर्थन पीड़ितों को मिलता रहेगा। लेकिन सवाल जो उठता है वह यह है कि कानून के शासन में विश्वास करने वाले समाज में अपराधियों को समर्थन देने की मानसिकता कैसे और क्यों पनपती है। डेढ़ साल पहले जब यह ग्यारह अपराधी जेल से बाहर आये थे तो मालाएं पहनाकर इनका स्वागत करने वालों को भी अपराधी क्यों न माना जाये? कानून भले ही ऐसे तत्वों को अपराधी न मानता हो, पर आपराधिक मानसिकता के आरोप से ये मुक्त नहीं हो सकते। यह अवसर इस मानसिकता के खिलाफ भी आवाज उठाने का है। सामूहिक बलात्कार को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार 'मनुष्यता के खिलाफ अपराध' माना गया है। किसी भी सभ्य समाज में ऐसे अपराध के लिए सज़ा होनी चाहिए। साथ ही, अपराधी वे भी हैं जो ऐसे अपराध को समर्थन देते हैं, महिमा-मंडित करते हैं।

कुछ ही अर्सा पहले हमने मणिपुर में भी एक घृणित कृत्य होते देखा था। वहां महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया, उनके साथ दुराचार हुआ और समाज का एक वर्ग तमाशबीन बना देखता रहा। सच तो यह है कि यह व्यवहार बलात्कार के अपराध से कम नहीं है। मणिपुर की उन अभागी महिलाओं को न्याय कब मिलेगा, मिलेगा भी या नहीं, पता नहीं। पर सवाल उठता है कि उन अपराधियों को सजा दिये जाने की बात क्यों नहीं होती जो ऐसे अपराधों को या तो मूक समर्थन देते रहते हैं, या फिर ऐसे अपराधियों को मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन करते हैं।

कौन हैं वे लोग, जिन्होंने बिलकिस बानो और उसके परिवार के साथ अत्याचार करने वालों का जेल से बाहर आने पर स्वागत-सत्कार किया? यह ग्यारह लोग निरपराधी घोषित होकर जेल से नहीं छूटे थे, 'इन्हें 'सद्व्यवहार' के नाम पर सज़ा में छूट दी गयी थी, इसलिए ये बाहर आए थे। यह सही है कि हमारे देश में इस छूट का प्रावधान है, पर क्या यह भी सही नहीं है कि कुछ अपराध ऐसे भी होते हैं जिनमें सज़ा में इस तरह की छूट नहीं होनी चाहिए? बलात्कार अपने आप में जघन्य अपराध है, सामूहिक बलात्कार और भी बड़ा अपराध है, और बलात्कार करके हत्या करना इस बड़े से भी बड़ा अपराध! जेल की सज़ा के दौरान 'सद्व्यवहार' के नाम पर ऐसे अपराधियों को यदि कोई छूट मिलती है तो विवेक का तकाजा है कि उस पर सवालिया निशान लगे।

सवाल यह भी है कि यदि अपराधी अपने कृत्य पर खेद प्रकट नहीं करता, यह अनुभव नहीं करता कि उससे कोई गलती ही नहीं, अपराध हुआ है, तो उसके व्यवहार को सद्व्यवहार की श्रेणी में कैसे रखा जा सकता है? क्या यह हकीकत नहीं है कि बिलकिस बानो जैसी महिलाओं को लगातार आतंक के साये में जीना पड़ता है? लगातार उन पर दबाव होता है कि वह अपनी शिकायत वापस ले लें हकीकत यह भी है कि पिछले डेढ़ साल में, यानी जब से ये अपराधी कथित सद्व्यवहार का पुरस्कार पाकर जेल से बाहर आये हैं, बिलकिस बानो चैन की नींद नहीं सो पायी? अब उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद बिलकिस बानो ने अपने वकील के माध्यम से यह कहलवाया है कि जैसे कोई मनो भारी पहाड़ उसके सीने से उतर गया है। डेढ़ साल में पहली बार अपने बच्चों से लिपट कर उसने खुशी के आंसू बहाये हैं। बिलकिस का यह कहना कम महत्वपूर्ण नहीं है कि 'मैं सुप्रीम कोर्ट की आभारी हूं कि उसने मुझे, मेरे बच्चों को, और सब महिलाओं को समान न्याय के अधिकार देने की उम्मीद जगाई है।' बिलकिस बानो ने उन जैसे सैकड़ों लोगों का आभार भी व्यक्त किया है जो अदालती लड़ाई में उसके साथ खड़े रहे। वह देश के उन करोड़ों लोगों की भी आभारी हैं जिनकी सहानुभूति उसे मिली है। ऐसे लोग हमारे देश में जो अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने में गर्व का अनुभव करते हैं। पर उनका क्या जो अन्याय करके या अन्याय का समर्थन करके स्वयं को गौरवान्वित समझते हैं?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पेन्डरखी में 3 से 9 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का समापन मंगलवार को किया गया। समापन समारोह क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य लीलू प्रसाद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य व बागेश्वरी सिंह सरपंच ग्राम पेन्डरखी की अध्यक्षता तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं रासेयो व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत, स्वागत नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विशेष शिविर के दौरान ग्राम में स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर पशु चिकित्सा शिविर नशा मुक्ति रैली चबूतरा निर्माण ग्राम के सार्वजनिक स्थलों की व अमृत सरोवर की साफसफाई ,पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक समाज समाजोपयोगी का कार्य भी किए गए। स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु पी.टी., परेड, योगा, एवं बौद्धिक सत्रों , रासेयो खेल सहित संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीलू गुप्ता ने कहा कि देश के विकास पर युवाओं का सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। इसलिए गांव के समृद्धि बहुत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को अच्छे समाज के निर्माण में कार्य करने की अपील की।

### जिले में हुआ महिला बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से बालिका जागरूकता कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर के निर्देशन में, महिला बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफके सहयोग से विभिन्न विभागों के समन्वय से दंतेवाड़ा जिला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला महिला बाल विकास अधिकारी आभा गुरुद्वान द्वारा, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का एक अभिन्न अंग कहते हुए सभी बालिकाओं को इस अभियान का एंबेसडर बताया। इसके अलावा उन्होंने छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से, उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों के विकल्पों के साथ, अपने शैक्षणिक दिनों के संघर्ष व अनुभवों को साझा करते हुए सभी को अपना लक्ष्य तय करने की बात भी कही। साथ ही कार्यक्रम में बालिकाओं को नियमित शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य के साथ सुरक्षा रेफरल तंत्र चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन न. 1098, 112, महिला हेल्पलाइन न. 181 के साथ पुलिस सहायता हेल्पलाइन न. 100 के बारे में बताया गया। मौके पर जिला महिला संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना और उनके प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता में बदलाव लाना है। विषय विशेषज्ञ के रूप में पुलिस विभाग से सुनीता यदु, एएसआई आशा सिंग, यूनिसेफजिला समन्वयक विनोद साहू, सखी वन स्टॉप से पुष्पा भट्ट, महिला शक्ति केंद्र से रेखा सिंग, डीसीपीयु से ममता ठाकुर,चाइल्ड लाइन से शिल्पी शिलानाथ शामिल रहे। कार्यक्रम में केजीबीवी के प्राचार्य सुमित्रा सोरी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### कैबिनेट बैठक में लगी मुहर

# हर साल 20 हजार लोगों को रामलला के दर्शन कराएगी सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन हेतु यात्रा पर ले जाया जाएगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के महाधिवक्ता के पद पर प्रफुल्ल भारत की नियुक्ति करने का निर्णय भी लिया गया।

बता दें कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी।

दिव्यांगजनों के लिए यथा संभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके पश्चात अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा दी जाएगी।

इसके लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति द्वारा अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।

#### आईआरसीटीसी से होगा एमओयू

इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेल्वे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ छत्तीसगढ़ मण्डल द्वारा एमओयू किया जाएगा। आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन तथा एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी। हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेल्वे स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

#### दल के साथ सरकारी अफसर भी साथ होगा

प्रत्येक जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा। यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से रेल द्वारा गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे। यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके साथ ही वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर तथा गंगा आरती का दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा। वर्तमान में आईआरसीटीसी द्वारा प्रत्येक सप्ताह में एक ट्रेन उपलब्ध करायी जाएगी। भविष्य में ट्रेन की उपलब्धता अनुसार यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जा सकेगी।

## मोदी की गारंटी की सार्थकता साबित हो रही है, विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर से


श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** मोदी की गारंटी की सार्थकता, साबित हो रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण जन लाभान्वित हो रहे हैं। ग्रामीणों को सहजता पूर्वक विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भारत और गांव को गढने् और बढने् के कार्यस्वरूप को मूर्त रूप देने में मदद मिल रहा है। आज जिले के 12 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया।

ग्रामीण स्तर पर यात्रा का आयोजन होने से, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन लाभान्वित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण जनों की तकदीर बदलने में मदद मिल रही है। ग्रामीण जनों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारीगण उपस्थित होकर नागरिकगणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कर रहे हैं। इससे अनेकों हितग्राहियों को राहत मिल रहा है। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से योजना से मिले लाभ और उनके जीवन में आये परिवर्तन के संबंध में अपनी बात रखी। एलसीडी प्रोजेक्टर वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीति, योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित किया गया।

## महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चलाएं अभियान - उप मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा यहां मंत्रालय महानदी भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराने पर भी जोर दिया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय में वृद्धि के लिए अधिक से अधिक संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका मिशन से जोड़ा जाए।

स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के नए-नए उद्यमों की जानकारी दी जाए तथा उन्हें बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें आजीविका चलाने में सुविधा मिल सके। बैठक में उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के गांव में सर्वेकर पात्रतानुसार जनमन योजना का लाभ दिलाया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने के लिए ठोस रणनीति और अंर्तविभागीय समन्वय बनाकर तेजी से कार्यों को अंजाम दिया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए स्वीकृत आवासों को तेजी से पूर्ण कराया जाए।

### कोण्डागांव जिले में 1908 परिवारों को मिला गैस कनेक्शन, लगभग 12 हजार लोगों को मिला आयुष्मान कार्ड

## विकसित भारत संकल्प यात्राः गांव-गांव पहुंच रही मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार का असर अब दिखने लग गया है। भारत सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के लिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' कोण्डागांव जिले के गांव-गांव में पहुंच रही है। यात्रा के दौरान आयोजित किए जा रहे संकल्प शिविरों में जिले के 1908 परिवारों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं, वहीं 11 हजार 990 लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। जिले में अब तक 152 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प 94 हजार से अधिक ग्रामीणों द्वारा लिया गया।

यात्रा के दौरान 149 ग्रामों में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों द्वारा उन्नत कृषि के साथ जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देने के साथ फसलों का प्रदर्शन भी किया गया है। इसके अतिरिक्त ड्रोन का कृषि में प्रयोग कर उत्पादकता वृद्धि के संबंध में जानकारी दी गयी। ड्रोन के माध्यम से कृषि तकनीकी का प्रदर्शन 27 गांवों में किया गया। इसके अलावा 667 लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 324 लोगों को जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिलाया गया है। जिले के 127 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 24 गांव ओडीएफप्लस घोषित किए जा चुके हैं। संकल्प शिविरों में लगाये गये स्वास्थ्य कैम्पों में 66 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। जिसमें 58 हजार लोगों की टीबी जांच, 33 हजार लोगों की सिकलसेल जांच की गयी। इसके साथ ही लोगों में एनीमिया एवं अन्य लक्षणों की जांच कर उपचार उपलब्ध कराया गया। इन शिविरों में लगाये गये स्वास्थ्य कैम्पों में 66 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। जिसमें 58 हजार लोगों की टीबी जांच, 33 हजार लोगों की सिकलसेल जांच की गयी।

**लाभार्थियों की कहानी :** करनपुर की भारती दीवान और गारावंडी की नयापारा निवासी शांति ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत बताया कि विगत वर्ष उन्हें जब 03 माह के गर्भाधारण का पता चला तब वे खुश थी, साथ ही चिंतित थीं कि बच्चे की सही परवरिश सही तरीके से वे कर सकेंगी या नहीं। ऐसे में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं एवं मितानीन द्वारा मुझे पोषक आहार, संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन आदि के बारे में बताने के साथ प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाया गया जिसके तहत मुझे तीन किस्तों में 05 हजार रूपये की राशि भी प्राप्त हुई।

## विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** पुसौर विकास खण्ड के ग्राम तुरंगा में तीन दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन आज बच्चों के गान व नृत्य विधाओं के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में विकास खण्ड के 10 जोन के प्राथमिक व माध्यमिक शाला के प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए। प्रथम दिवस में एकल खेल जैसे-जलेबी दौड़, बोरा दौड़, रस्सी दौड़, घड़ा दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ आदि हुए। द्वितीय दिवस में सामूहिक खेल जैसे-खो-खो, कबड्डी का आयोजन किया गया। वहीं इसी दिन शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत पठन, लेखन, पहाड़ा कौशल व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी संचालित किए गए। तृतीय दिवस के कार्यक्रम में एकल व सामूहिक गायन तथा नृत्य का रंगारंग प्रस्तुतिकरण किया गया जिसमें बच्चों ने अपने-अपने गायन व नृत्य विधा से दर्शकों का मन मोह लिया। सामूहिक नृत्य में छत्तीसगढ़ी, उडिया़, देशभक्ति तथा स्वच्छता अभियान से संबंधित गीत व नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर कर दिया। सुआ नृत्य, डंडा नृत्य, करमा नृत्य देखते ही बनता था।

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वर्चुअल) के माध्यम से सभी बच्चों, शिक्षक, शिक्षिकाओं, प्राचार्यों, पीटीआई व खेल से जुड़े समस्त क्षेत्र वासियों को इस खेल के लिए अपने बधाई संदेश दिए, साथ ही अगले वर्षों में बेहतर खेल के साथ समर कैंप कराने की सलाह दिए।

# सौर सुजला योजना में लक्ष्य के विरूद्ध 60 प्रतिशत से कम प्रगति वाली इकाईयों को होगा नोटिस जारी


श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने क्रेडा प्रधान कार्यालय में सौर सुजला योजना, जल जीवन मिशन, सोलर हाईमास्ट, बायोगैस तथा स्थापित संयंत्रों के सुचारू रूप से संचालन एवं संधारण सहित विभिन्न परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय के समस्त वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने खेती किसानी के लिए प्रदेश के किसानों को खेतों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कहा है। सौर सुजला योजना के तहत् 1 लाख 52 हजार 926 संयंत्र अब तक स्थापित किये जा चुके हैं, जिससें 1 लाख 83 हजार 511 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो रही है। दूरस्थ अंचलों के क्षेत्र के किसानों के लिए सौर सुजला योजना लोकप्रिय हो चुकी है। इस वित्तीय वर्ष में 5 हजार 985 संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रगतिरत् है, जिससे 7182 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। इन स्थापित पम्पों से प्रतिवर्ष लगभग 07 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी हो रही है। समीक्षा बैठक में श्री राणा ने जिन इकाईयों के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है एवं लक्ष्य के विरूद्ध 60: से कम प्रगति वाली इकाईयों को नोटिस जारी करने तथा कॉल सेन्टर में लंबित शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश हैं।

उन्होंने सौर सामुदायिक सिंचाई योजना के माध्यम से नदी, एनीकटों में उपलब्ध सतही जल को आसपास के कृषि भूमि में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जाता है। अब तक इस योजनान्तर्गत कुल 229 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, जिससे लगभग 2682 कृषक लाभान्वित हुए हैं एवं 2814 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हुई है। इंदिरा गाँव गंगा योजना के माध्यम से नदी, एनीकटों में उपलब्ध सतही जल का उपयोग कर ग्रामवासियों की निस्तारी के लिये आसपास के तालाबों को भरा जाता है। इस योजनान्तर्गत अब तक कुल 33 कार्य पूर्ण हुए हैं, जिसके तहत् कुल 48 तालाब भरे गये हैं एवं 25 कार्य प्रगतिरत् हैं। हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग से क्रेडा द्वारा सोलर पेयजल पंपों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 7 हजार 601 सोलर पम्पों की स्थापना कार्य किया जा चुका है तथा 3 हजार 367 संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रगतिरत् है तथा 188 सर्वे हेतु लंबित कार्यों को निरस्त करने तथा 2283 स्थल जहाँ कार्य शुरू नहीं किया गया है।




# मीसा बंदियों को सम्मान राशि की बहाली के लिए छत्तीसगढ़ सरकार करेगी पहलः मुख्यमंत्री

**मीसाबंदियों की आपबीती सुन भावुक हुए मुख्यमंत्री, कहा मेरे बड़े पिता जी भी 19 महीने मीसाबंदी रहे, मैं इस पीड़ा को जानता हूँ**

■ **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रांतीय परिवार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मैंने मीसा बंदियों के तकलीफों को बहुत करीब से देखा है। उनके संघर्ष और पीड़ा को मैंने महसूस किया है। आपातकाल के दौरान मेरे बड़े पिताजी स्वर्गीय नरहरि साय भी 19 महीने तक जेल में रहे। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के वृंदावनहाल में लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा आयोजित प्रांतीय परिवार सम्मेलन और सम्मान समारोह में कही।






मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मीसाबंदियों की सम्मान राशि की बहाली के लिए पहल करेगी। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए मीसा बंदी और उनके परिजनों ने अपनी आपबीती भी साझा की। आपबीती सुन भावुक हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आपातकाल के समय का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र सेनानी जब जेल जाते थे तो उस परिवार की स्थिति बड़ी पीड़ादायक हो जाती थी। इन परिवारों के सामने आजीविका का संकट हो जाता था। मीसा बंदियों के साथ हमारी सरकार न्याय करेगी। पूर्ववर्ती डॉ रमन सिंह की सरकार ने मीसाबंदियों के लिए सम्मान राशि देने की शुरुआत की थी। हम मीसाबंदियों के लिए बेहतर कार्य करेंगे।

राज्यसभा सांसद और लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए संघर्ष की बात जब भी आएगी, तब इन लोकतंत्र के प्रहरी मीसा बंदियों के संघर्षों से प्रेरणा ली जाएगी। इन्होंने लोकशाही के लिए लड़ाई लड़ी। यह भारत के इतिहास में एक बड़ा उदाहरण है। कार्यक्रम को विधायक पुरंदर मिश्रा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रामप्रताप सिंह, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वारिका जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खास खबर...



### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की 11 जनवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि शास्त्री जी ने अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। सादा जीवन उच्च विचार के मार्गदर्शी सिद्धांत को उन्होंने आजीवन अपनाया और लोगों के लिए मिसाल प्रस्तुत की। सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। शास्त्री जी ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण आन्दोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कई बार जेल भी गए। उनके जय जवान-जय किसान के नारे ने जवानों के बलिदान के साथ अन्नदाता किसानों की मेहनत को भी सम्मान दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी के जीवन मूल्य हमेशा सब को प्रेरित करते रहेंगे।

### डीएलएड प्रथम वर्ष में 50.88 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष में 67.36 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण

**रायपुर।** डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष अवसर परीक्षा 2023 के परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित डीएलएड प्रथम वर्ष अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 1529 प्रशिक्षणार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 1529 प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 654 बालक तथा 875 बालिकायें सम्मिलित हुई। समस्त प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 777 है अर्थात् कुल 50.88 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण बालिकाओं का 50.11 प्रतिशत तथा बालकों का 51.91 प्रतिशत है। कुल 02 प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा परिणाम नकल प्रकरण होने के कारण रोके गये है।

डीएलएड द्वितीय वर्ष अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में 1192 प्रशिक्षणार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 1192 प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 505 बालक तथा 687 बालिकाएं सम्मिलित हुई। समस्त प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 801 है अर्थात् कुल 67.36 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण बालिकाओं का 67.98 प्रतिशत तथा बालकों का 66.53 प्रतिशत है। 03 प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा परिणाम नकल प्रकरण होने के कारण रोके गये हैं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस कल 'स्वामी विवेकानन्द के समावेशी शासन के दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान

■ **उपमुख्यमंत्री अरूण साव हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में होंगे शामिल**

■ **यूनिवर्सिटी का यह तीसरा स्वामी विवेकानंद स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री अरूण साव राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को अटल नगर, नवा रायपुर स्थित हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित तीसरे स्वामी विवेकानंद स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल होंगे। व्याख्यान कार्यक्रम 'स्वामी विवेकानन्द के समावेशी शासन के दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित किया गया है। इस आयोजन के साथ ही विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी। कार्यक्रम शाम 4.30 बजे विश्वविद्यालय के सभागार में शुरू होगा। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीसी विवेकानंदन स्वागत भाषण देंगे।


गौरतलब है कि यह व्याख्यान कार्यक्रम एचएनएलयू की वार्षिक परंपरा को आगे बढ़ाने के क्रम में हैं, जिसे स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं का सम्मान और प्रचार करने के लिए 2022 में शुरू किया गया था। विश्वविद्यालय ने सभी छात्रों, शिक्षकों और इच्छुक व्यक्तियों को इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में भाग लेने और शासन और जननेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की स्थायी विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है।

**जल जीवन मिशन की बदौलत गांवों के 75 प्रतिशत घरों में पहुंचा नल का पानी**

## छत्तीसगढ़ के साढ़े 37 लाख ग्रामीण घरों में मिल रहा है नल से जल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की बदौलत अब राज्य के 75 प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। छत्तीसगढ़ ने मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 49 लाख 98 हजार 571 घरों में से अब तक 37 लाख 49 हजार 556 घरों में पाइपलाइन के जरिए पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के 75 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव ने गांवों में सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की इस महती मुहिम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रदेश में तेजी से कार्य किए जाएंगे। राज्य में मोदी की हर गारंटी को पूरा किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि राज्य में जल जीवन मिशन शुरू होने के पहले 15 अगस्त 2019 की स्थिति में केवल छह प्रतिशत यानि तीन लाख 19 हजार 741 ग्रामीण घरों में ही पाइपलाइन के जरिए जलापूर्ति होती थी। मिशन का काम शुरू होने के बाद अब यह 75 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। प्रदेश के 19 हजार 663 गांवों में से 2827 गांवों में हर घर में नलों से पानी पहुंच रहा है। वहीं 16 हजार 736 गांवों में इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। घरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के 43 हजार 974 स्कूलों, 41 हजार 719 आंगनबाड़ियों तथा 17 हजार 320 ग्राम पंचायतों व शासकीय अस्पतालों में नल का पानी पहुंच रहा है। यह ग्रामीण इलाकों में कुल स्कूलों, आंगनबाड़ियों तथा ग्राम पंचायतों व अस्पतालों का क्रमशः 95 प्रतिशत, 91 प्रतिशत और 68 प्रतिशत है।

# श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे छत्तीसगढ़ के मंदिरों में पूजा-अर्चना और गंगा आरती का होगा आयोजन

■ **राजिम में मंदिर परिसर में भव्य कॉरिडोर के लिए कॉन्सेप्ट प्लान बनाने के निर्देश**


श्रीकंचनपथ न्यूज

## छत्तीसगढ़ के 5 शक्तिपीठों को चारधाम की तर्ज पर किया जाएगा विकसित

**रायपुर।** संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों और ब्लॉक स्तर पर सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह आरती और पूजा का आयोजन होगा, वहीं इस दिन शाम को गंगा आरती का आयोजन किया जाए। साथ ही इस मौके पर राज्य के सभी शासकीय भवनों में आकर्षक रौशनी की व्यवस्था की जाए। वे नया रायपुर अटल नगर स्थित महानदी भवन में संस्कृति और पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को श्री रामलला दर्शन योजना में प्रदेशवासियों को अध्योया ले जाने के लिए व्यवस्थित और सुविधापूर्ण कार्ययोजना भी तैयार करने कहा। गौरतलब है कि आज आयोजित केबिनेट बैठक में प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने के लिए 'श्री रामलला दर्शन योजना' प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में 18 से 75 आयु वर्ग के लोगों को श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या की यात्रा करायी जाएगी।

संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने उज्जैन और बनारस में बनाये गए भव्य कॉरीडोर की तर्ज पर राजिम मंदिर परिसर को विकसित करने के लिए भव्य कॉरीडोर निर्माण के बारे में अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि राजिम मंदिर परिसर के भव्य आकर्षक और गरिमामय ढंग से विकसित करने के लिए कॉरीडोर बनाने के दिए कॉन्सेप्ट प्लान बनाने के



काम शुरू किया जाए। राजिम कुंभ की तैयारियों और इसके व्यवस्थित आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और राजिम कुंभ के भव्य आयोजन के लिए पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति विभाग को मिलकर काम करने के निर्देश दिए। संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने चारधाम यात्रा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण धार्मिक आस्था के केन्द्रों को शक्तिपीठ परियोजना के तहत विकसित करने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सूरजपुर के कुदरगढ़, चन्द्रपुर के चन्द्रहासिनी मंदिर, रतनपुर के महामाया मंदिर, डोंगरगढ़ के बम्लेश्वरी मंदिर और दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर में इस योजना के तहत विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध ढंग से सुविधाएं विकसित करने का काम किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को गरियाबंद जिले के भूतेश्वर महादेव, जतमई घटारानी जलप्रपात, शिवमहापीठ, सिरकट्टी आश्रम और कोपरा के कोपेश्वर महादेव को ट्रॉयबल परिपथ के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

### राजधानी के पुरखौती मुक्तांगन में होगा पतंग उत्सव

संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि राजधानी रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में मकर संक्रांति के दिन भव्य पतंग उत्सव का आयोजन किया जाए। इसके लिए राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों के भी पतंगबाजों को आमंत्रित किया जाए। पतंग महोत्सव को भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए दर्शकों और आम नागरिकों के लिए लोक कलाकारों द्वारा गीत-संगीत का भी आयोजन किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., सचिव शिक्षा सिद्धार्थ कोमल परदेशी और संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य सहित पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























# संजय दत्त ने इंडियन आइडल 14 के कंटेस्टेंट को दी जादू की झप्पी

सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 14 के स्टेज पर पहुंचे एक्टर संजय दत्त ने कंटेस्टेंट पीयूष पंवार को ना मुंह छुपा के जियो और आप के पहलू में आकर रो दिए गाने की परफॉर्मेंस पर स्टैंडिंग ओवेशन और जादू की झप्पी दी। सेलिब्रेटिंग सुनील और नरगिस दत्त नामक विशेष एपिसोड में उनके बेटे संजय दत्त की उपस्थिति देखी गई। ढोल-ताशा के बीच एक्टर ने शो में धमाकेदार एंट्री की। जयपुर के कंटेस्टेंट पीयूष ने 1967 की क्लासिक फिल्म हमराज से ना मुंह छुपा के जियो और फिल्म मेरा साया से आप के पहलू में आकर रो दिए गाना गाया। उनका परफॉर्मेंस इतना प्रभावशाली था कि संजय को उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन देना पड़ा। परफॉर्मेंस की प्रशंसा करते हुए, खलनायक अभिनेता ने कहा, मैं आपकी और यहां उपस्थित सभी कंटेस्टेंट्स की सराहना करता हूं क्योंकि इससे पता चलता है कि हमारे देश में प्रचुर मात्रा में प्रतिभा मौजूद है! मैं वास्तव में इसके लिए इंडियन आइडल को धन्यवाद देना चाहूंगा। इतना ही नहीं, वह पीयूष को बिल्कुल मुन्ना भाई स्टाइल में जादू की झप्पी भी देते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित व्यंग्यात्मक कॉमेडी ड्रामा मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय ने मुन्ना भाई का किरदार निभाया था। इसे भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में से एक माना जाता है। इंडियन आइडल 14 सोनी पर प्रसारित होता है।

# अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फैमिली वेकेशन से अपनी बेटी मालती मैरी की मनमोहक तस्वीरें की शेयर



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास इन दिनों अपनी फैमिली के साथ वेकेशन पर हैं। अभिनेत्री ने अपनी बेटी मालती मैरी की यॉट से एक मनमोहक झलक शेयर की है, जिसमें उनकी बेटी अपने पापा निक जोनस के साथ यॉट की स्टीयरिंग व्हील को पकड़कर गा रही है। तस्वीरें और वीडियो में प्रियंका के साथ उनकी बेटी और पति निक जोनास भी शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपने वेकेशन की कई तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, साल 2023 मैंने ऐसे ही बिताया था और शायद अभी भी मैं ऐसे ही बिता रही हूं। यहां 2024 में शांति, राहत, परिवार, प्यार, खुशी और कम्युनिटी को हाइलाइट किया गया है। अपने प्रियजनों को लोगों को पास रखें। अगर हम ऐसा कर सकते हैं तो हम बहुत भाग्यशाली हैं, नया साल मुबारक हो। परिवार मेक्सिको में नए साल का जश्न मना रहा था। पहली तस्वीर में निक समुद्र किनारे मालती मैरी को पकड़े हुए थे और प्रियंका उनके बगल में बैठी हैं। अगली क्लिप में प्रियंका और मालती समुद्र को देख रही हैं। अन्य तस्वीर में जब अभिनेता ने सेल्फी ली तो मालती प्रियंका के करीब थी। उनकी आउटिंग की कई अन्य तस्वीरों में तीनों को एक यॉट पर दिखाया गया था, जब मालती यॉट की स्टीयरिंग व्हील पकड़कर गा रही थी और निक ने उसे पकड़ रखा था।



# फिटनेस फ्रीक मलाइका अरोड़ा ने शेयर की वर्कआउट फोटो इंटरनेट पर हो रही वायरल

मॉडल और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सुबह के वर्कआउट की एक झलक दिखाई। इंस्टाग्राम पर 18.8 मिलियन फॉलोअर्स वाली मलाइका ने स्टोरीज सेक्शन में एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने घर में वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। डांसर, जो छैया छैया गाने में अपने परफॉर्मेंस के लिए सबसे यादा जानी जाती हैं, को ब्लैक शॉर्ट्स और मैचिंग टी-शर्ट पहने देखा जा सकता है। तस्वीर में उनके प्यारे दोस्त - पालतू डॉगी कैस्पर की एक प्यारी झलक भी दिखाई दी। पोस्ट पर एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया, मेरा दिन शुरू करने का सबसे अछा तरीका, माई वीक अहेड।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह वर्तमान में सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा सीजन 11 में जज के रूप में नजर आ रही हैं। अन्य जज अरशद वारसी और फराह खान हैं। इसे गौहर खान और ऋत्विक धनजानी होस्ट करते हैं।

# टमाटर को फ्रिज में रखकर खाना, बॉडी में जहर की तरह करता है काम, जानें कैसे?



हम अक्सर अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण खाने-पीने की चीजों को लंबे समय तक फ्रिज में स्टोर करके रख देते हैं। पर क्या आपको पता है कि ऐसा करने से कुछ चीजें खराब या नुकसानदेह हो सकते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। ज्यादातर लोग टमाटर को फ्रिज में स्टोर करते हैं और उन्हें रखकर एक सप्ताह तक या महीनों तक चलाते हैं। लेकिन डायटिशियन के अनुसार टमाटर को कभी भी फ्रिज में स्टोर करके नहीं खाना चाहिए। फ्रिज में रखकर खाने से तासीर बदल जाती है और वह हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक होता है।

## होती है यह समस्या

टमाटर में पाए जाने वाला लाइकोपीन एक कारोटेनॉयड एंटीऑक्सीडेंट है, जो इसे लाल रंग प्रदान करता है। जब टमाटर को फ्रिज में रखा जाता है, तो फ्रिजर की ठंडक के कारण लाइकोपीन की संरचना में बदलाव हो जाता है। यह अब एक ग्लाइकोएल्कलॉयड में बदल जाता है जिसे टोमेटिन ग्लाइकोएल्कलॉयड कहा जाता है। यह टोमेटिन ग्लाइकोएल्कलॉयड शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे आंतों में सूजन, मतली, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं, यह लिवर और किडनी को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए टमाटर को लंबे समय तक फ्रिज में रखकर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बल्कि कमरे के तापमान पर ही स्टोर करना चाहिए। तभी इसको खाने का फायदा है।

## फ्रिज में स्टोर न करें टमाटर

एक्सपर्ट के अनुसार टमाटर को फ्रिज में रखने से उसका स्वाद और सुगंध दोनों ही बदल जाता है। टमाटर पकने के बाद एथिलीन गैस छोड़ती है। फ्रिज में रखने के बाद टमाटर की अंदर की झिल्ली टूट जाती है। जिससे वह मुलायम होकर जल्दी गलने लगता है। फ्रिज में जो पकने की प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करती है। और इसका टेस्ट भी खराब कर देता है। फ्रिज की ठंडक में एथिलीन का उत्पादन बंद हो जाता है, जिससे टमाटर का स्वाद बदल जाता है और यह खट्टा हो जाता है। इसलिए टमाटर को हमेशा कमरे के तापमान पर स्टोर करना चाहिए।

# सादगी भरे अंदाज के लिए जाने जाते हैं ये साउथ सितारे लिस्ट में कई मशहूर अभिनेताओं के नाम शामिल

साउथ इंडस्ट्री के कई ऐसे सितारे हैं, जिन्होंने फिल्मों से दौलत शोहरत तो खूब कमाई, लेकिन कभी अपनी सादगी नहीं भूले। ये सितारे अवॉर्ड समारोह हो या कोई इवेंट सादे कपड़ों में ही जाना पसंद करते हैं। वहीं, कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो शो में चप्पल पहनकर चले गए थे। तो आइये जानते हैं इन सितारों के बारे में जिन्हें किसी चीज की कमी नहीं है, लेकिन ये आज भी सादा जीवन जीना पसंद करते हैं।



## विजय सेतुपति

विजय सेतुपति साउथ इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। अभिनेता अभिनय के अलावा अपने साधारण पहनावे के लिए भी चर्चा में रहते हैं। विजय हाल ही में एक इवेंट में चप्पल पहनकर पहुंचे थे। अभिनेता का ये सादगी भरा अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मेरी क्रिसमस की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

## रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत की गिनती भी इन सितारों में होती है। अभिनेता ने एक्टिंग करने से पहले बड़ा संघर्ष किया है, लेकिन आज उनका नाम सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेताओं में शुमार है। इतनी दौलत होने के बावजूद भी उनमें जरा भी घमंड नहीं है, वो आज भी आम जीवन जीना पसंद करते हैं। उन्हें अक्सर फैंस के साथ बैठकर खाना खाते हुए भी देखा गया है।

## सूर्या

सूर्या साउथ इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। अभिनेता के अभिनय का हर कोई दीवाना है। इतनी दौलत शोहरत होने के बाद भी सूर्या जमीन से जुड़े इंसान हैं। अभिनेता भी साधारण जीवन जीने में विश्वास रखते हैं। सूर्या को अक्सर इवेंट और अवॉर्ड समारोह में साधारण कपड़ों में देखा जाता है।

## धनुष

धनुष ने साउथ फिल्मों में जितनी शोहरत कमाई है, उतना ही इनका नाम बॉलीवुड में भी है। महज कुछ हिंदी फिल्मों और लगातार सुपरहिट्स देने की वजह से आज वह पैन इंडिया स्टार हो गए हैं। फिल्मों के अलावा धनुष अपनी सादगी भरे अंदाज से फैंस का दिल जीतते हैं। अभिनेता के पास आज किसी चीज की कमी नहीं है, लेकिन फिर भी वे साधारण जीवन जीना पसंद करते हैं।

## थलपति विजय

थलपति विजय का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अभिनेता फिल्मों में अपनी जबरदस्त एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। वहीं, विजय अपनी सादगी भरी जिंदगी जीने के लिए भी जाने जाते हैं। अभिनेता करोड़ों की संपत्ति के मालिक होने के बाद भी कभी अपनी सादगी नहीं भूले, तभी तो उनकी करोड़ों में फैन फॉलोइंग है।

# बाबा बागेश्वर धाम महाराज के हाथों रिलीज हुआ 'राम जी की जय हनुमान जी जय' गाना

एस आर के म्यूजिक प्रा.लि. प्रस्तुत सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का खूबसूरत गाना राम जी की जय हनुमान जी जय बाबा बागेश्वर धाम महाराज के हाथों रिलीज कर दिया गया।

बाबा बागेश्वर धाम महाराज ने मुंबई में अपने कार्यक्रम के दौरान इस गाने को अपने हाथों से रिलीज किया और इस दौरान वे गाने को देख इसके सफलता की कामना की। साथ ही वे मंत्र मुग्ध नजर आए। मौके पर फिल्म के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्मात्री शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खुद खेसारीलाल यादव भी मौजूद रहे, जिन्होंने फिल्म की कामयाबी के लिए बाबा बागेश्वर धाम से आशीर्वाद भी लिया।



आपको बता दें कि बाबा बागेश्वर धाम महाराज द्वारा रिलीज खेसारीलाल यादव का गाना राम जी की जय हनुमान जी जय के लिए बॉलीवुड के मशहूर सिंगर दिलेर मेंहदी ने प्लेबैक सिंगिंग की है, जो बेहद कर्ण प्रिय है और भक्ति भावों ओत प्रोत है।

खेसारीलाल यादव और डायना खान स्टारर इस गाने ने रिलीज के साथ ही धूम मचा दी है और देखते ही देखते लाखों व्यूज के आंकड़ों को पर कर गई। वहीं, खेसारीलाल यादव ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम महाराज के पवित्र हाथों से हमारा गाना अयोध्यापति श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रिलीज हुआ है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# सीरियस रोल्स करते-करते थक गई हूं, ग्रे शेड्स वाली महिलाओं की भूमिका निभाना पसंद: कोंकणा सेनशर्मा

एक्ट्रेस कोंकणा सेनशर्मा डार्क कॉमेडी थ्रिलर सीरीज किलर सूप की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने साझा किया है कि वह गंभीर और अछे किरदार के रोल्स करते हुए थक गई हैं। उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है, जो थोड़ी गैर-जिम्मेदार हैं और उनका ग्रे शेड्स हो। कोंकणा ने मनोज बाजपेयी स्टारर किलर सूप में स्वाति शेट्टी की भूमिका निभाई है। अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित, सीरीज प्यार, वासना, रोमांच और रहस्य का एक मिश्रण है। एक्ट्रेस को वेक अप सिड, पेज 3, ओमकारा, लाइफ इन ए... मेट्रो, लिपस्टिक अंडर माई बुर्का समेत कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है।



कोंकणा ने बताया, जब मैं रोल्स की तलाश करती हूं तो सबसे पहले देखती हूं कि स्क्रिप्ट कैसी है। उसमें किरदार अछे से लिखे जाने चाहिए, निर्देशक भी मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसे रोल्स चुनने की कोशिश करती हूं जो मुझे दिलचस्प लगते हैं, क्योंकि मैं सीरियस, अछे दिखने वाली, ईमानदार महिलाओं के रोल्स से थक गई हूं। मुझे ऐसी महिलाओं का किरदार निभाना पसंद है, जो थोड़ी गैर-जिम्मेदार हैं, जिनका ग्रे-शेड्स है, जो अपनी शर्तों पर अपनी इछानुसार जीवन जी रही हैं, इसलिए ये सब मुझे बहुत दिलचस्प लगता है। किलर सूप के बारे में बोलते हुए, तलवार फेम मशहूर एक्ट्रेस ने कहा कि यह शो दिलचस्प और असामान्य है।

उन्होंने साझा किया, यह थोड़ा थ्रिलर, डार्क कॉमेडी, विचित्र है, एक बहुत ही असामान्य दुनिया पर आधारित है, जिसे हमने स्क्रीन और वेब सीरीज पर यादा नहीं देखा है। इसमें हर चीज का थोड़ा सा हिस्सा है। तितली फेम एक्ट्रेस ने कहा कि इस रोल से कोई फायदा नहीं है। कोंकणा ने कहा, बात बस इतनी है कि यह उस तरह की सीरीज है, जिसे मैं देखना पसंद करूंगी। मैं वास्तव में इस बात को लेकर उत्सुक हूं कि दर्शक इसे कैसे देखेंगे, क्या उन्हें भी यह रोमांचक लगता है। यह कुछ ऐसा है जिसने मुझे सचमुच गुदगुदाया, हर स्तर पर मुझे रोमांचित किया।

कोंकणा, जो एक निर्देशक और लेखिका भी हैं, एक फिल्म निर्माता के रूप में उनकी झोली में लस्ट स्टोरीज 2 और ए डेथ इन द गुंज जैसे प्रोजेक्ट्स हैं। किलर सूप 11 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# मकर संक्रांति पर मुंबई में लगेगा संगीत का मेला, इन दिग्गज कलाकारों की सजीव प्रस्तुतियां



**आज की युवा पीढ़ी जिस तरह से पाश्चात्य संगीत और भारतीय आधुनिक संगीत के प्रति वशीभूत होती दिख रही है, उससे कहीं न कहीं शास्त्रीय संगीत की महत्ता कम होती जा रही है। आज की युवा पीढ़ी को शास्त्रीय संगीत के प्रति जागरूक करने के लिए मुंबई में मकर संक्रांति के अवसर पर मुंबई संस्कृति महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है जिसमें भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।**

मकर संक्रांति के अवसर पर इंडियन हेरिटेज सोसायटी द्वारा आयोजित मुम्बई संस्कृति महोत्सव के दौरान भारतीय शास्त्रीय संगीत की दिग्गज हस्तियां मुंबई के फोर्ट स्थित हेरिटेज टाउन हॉल में परफॉर्म करेंगी। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में लोगों में जागरुकाता लाना और उनके संरक्षण, संवर्धन और पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबद्ध करना है ताकि भविष्य में नई पीढ़ी को इसकी अहमियत का पता चल सके।

मकर संक्रांति के अवसर पर मुम्बई संस्कृति महोत्सव का आयोजन 13 और 14 जनवरी को होगा। इस अवसर पर राकेश चौरसिया, विदुषी अश्विनी भिड़े देशपांडे और पंडित संजीव अभ्यंकर जैसे भारतीय शास्त्रीय संगीत के दिग्गज अपनी प्रस्तुतियां देंगे। बांसुरी वादक राकेश चौरसिया जाने-माने बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भांजे हैं। अश्विनी भिड़े देशपांडे जयपुर-अत्रोली घराने से ताल्लुक रखने वाली हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका हैं और पंडित संजीव अभ्यंकर मेवाती घराने से ताल्लुक रखने वाले शास्त्रीय गायक हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान बांसुरी वादक राकेश चौरसिया शास्त्रीय संगीत संग अपनी जुगलबंदी के माध्यम से अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे, जिसके माध्यम से श्रोता फ्यूजन और लोक संगीत के अद्भुत संगम का लुत्फ उठा सकेंगे। वह कहते हैं, 'यह एक ऐसा महोत्सव है जो हमारी विरासत का एक अहम हिस्सा रहे शास्त्रीय संगीत को एक अनोखा मंच प्रदान करेगा। यह एक ऐसी अनूठी पहल है, जिसका न सिर्फ विविध प्रकार के श्रोता आनंद उठा सकेंगे, बल्कि इससे भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा और भी समृद्ध होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर चन्द्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर में ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का किया अवलोकन

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आम जनता के अवलोकन हेतु संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाई गई ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का अवलोकन किया। जिससे की जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मॉक पोल कर ई.व्ही.एम. के कार्य पद्धति का अवलोकन भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन के अंतर्गत आम जनता को दी जा रही जानकारी के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाए गए इस ई.व्ही.एम. डेमोंस्ट्रेशन सेंटर के अवलोकन हेतु बड़ी संख्या में प्रतिदिन आम नागरिक पहुँच रहे हैं।

### नगर निगम रायपुर के वार्डो में विकसित भारत संकल्प यात्रा के 43 शिविर लगाये गये

**रायपुर।** केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शासन के निर्देषानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के विभिन्न वार्डो में विगत 16 दिसम्बर 2023 से 6 जनवरी 2024 तक 43 स्थानों पर षिविर लगाये गये । विगत 16 दिसम्बर 2023 को प्रदेष के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलो से नगर निगम रायपुर क्षेत्र के रायपुर उत्तर , रायपुर ग्रामीण, रायपुर पष्चिम, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न वार्डो में केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के षिविरो का शुभारंभ हुआ । विभिन्न षिविरों में प्रदेष के स्कूल षिक्षा, उच्च षिक्षा, संसदीय कार्य, संस्कृति पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी, रायपुर पष्चिम विधायक राजेष मूणत, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू का मार्गदर्षन निरंतर प्राप्त होता रहा । नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चैबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेष शर्मा, सामान्य प्रषासन विभाग अध्यक्ष रितेष त्रिपाठी, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, पार्षदगण, वार्डो में लगे षिविरो में पहुंचकर आमजनों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित त्वरित निदान का कार्य नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा, निवर्तमान आयुक्त एवं कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी, अपर आयुक्त सर्व अभिषेक अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, सभी अधीक्षण अभियंतागण, जोन कमिष्नरगण, कार्यपालन अभियंतगण एवं विभिन्न संबंधित शासकीय विभागो के अधिकारियों के साथ मिलकर करते रहे । इन षिविरों में 2 लाख 10 हजार 777 नागरिको ने षिविर स्थलों पर पहुंचकर केन्द्र सरकार की लोककल्याणकारी पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत, आधार कार्ड, पीएम उज्जवला, पीएम विष्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता-अरूण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। पहली बार ऐसी योजना बनी है जिसमें गांव और गरीब के द्वार तक सरकार पहुंच रही है। वंचित हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभान्वित किया जा रहा है। हमारी सरकार लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए तत्पर है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों को साकार करेंगे। खुशहाल और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आज मुंगेली जिले के खुड़िया में पीएम जनमन योजना के तहत आयोजित विशेष मेगा शिविर में ये विचार व्यक्त किए।

विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक-आर्थिक उन्नति एवं बैगा आदिवासी परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक मंच पर दिलाने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लोरमी विकासखंड के खुड़िया में आज विशेष मेगा शिविर का आयोजन किया गया था। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने इसका शुभारंभ किया। श्री साव का स्थानीय लोगों ने खुमरी पहनाकर और प्रतीकात्मक हल प्रदान कर भव्य स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने शिविर में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार-वैन में चल रहे प्रधानमंत्री के संदेश और चलचित्र का भी अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शिविर में 20 बैगा आदिवासी युवाओं को अतिथि शिक्षक के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को चेक एवं सामग्री का वितरण भी किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मेगा शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए आज खुड़िया में पीएम जनमन मेगा शिविर लगाया गया है। एक ही जगह विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने यह शिविर लगाया गया है। शिविर के माध्यम से सरकार को आपके गांव में लाकर खड़ा किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि शिविर में जितने स्टॉल लगे हैं, उनका अवलोकन जरूर करें।

श्री साव ने शिविर में कहा कि जब तक गांव, गरीब व किसान की तरक्की नहीं होगी, तब तक देश की तरक्की नहीं होगी। नई सरकार बनने के साथ ही हमने मोदी की गारंटी को पूरा करने की शुरुआत कर दी है। सबसे पहले 18 लाख गरीब परिवारों का आवास बनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में लंबित बोनस की राशि का अंतरण किया गया। उन्होंने कहा कि 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की जाएगी। गरीबों के जीवन में खुशहाली आए, इसका इंतजाम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने सुदूर वनांचल क्षेत्र के बैगा आदिवासी परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने शिविर से तीन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन एंबुलेंस के जरिए अचानकमार क्षेत्र के गांवों में अलग-अलग दिन कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर- 4 में उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स की धूम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-04 में जगन्नाथ समिति द्वारा प्रतिवर्ष उत्कल उत्सव के तहत विभिन्न वर्गों के लिए मनोरंजक तथा रोचक खेलकूद का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-04 के प्रांगण में उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स-2024 का आयोजन किया गया।**

जिसमें महिला, पुरूष, बच्चे एवं युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में लगभग 300 लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दी। मंदिर प्रांगण में लहराते झंडों के बीच मैदान में बजता म्यूजिक तथा लोगों के उत्साह भरे भागीदारी ने इस आयोजन को एक नई ऊर्जा प्रदान की।

खेलकूद आयोजन के प्रभारी त्रिनाथ साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स-2024 के तहत कुल 16 स्पोर्ट्स कराये गये। जिसमें 40 मीटर बैक रन, बच्चों के लिए 40 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, गोली-चम्मच दौड़, महिलाओं और पुरूषों के लिए 50 मीटर वॉक, म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़, परिवार के लिए बकेट एंड बॉल थ्रो, शार्टपुट थ्रो, महिलाओं के लिए हैंडबाल थ्रो तथा सभी वर्गों के लिए म्यूजिकल आउट गेम का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन में फर्स्ट एड आदि की भी व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बीएसपी के जेएलएन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा क्षेत्र के ख्यातिलब्ध सर्जन डॉ. सुमन्त मिश्रा एवं डॉ. सीमा मिश्रा सहित समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र सतपथी एवं महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए करें तैयार-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारियों तक सीमित ना रखें, उन्हें कंपीटिशन एग्जाम के लिए भी तैयार करें। हमें बच्चों को भविष्य की संभावनाएं के अनुसार प्लानिंग कर तैयार करना होगा, जिससे उन्हें बेहतर और उज्जवल भविष्य मिल सके। इस कार्य में आपका महत्वपूर्ण योगदान होगा उक्त बातें आज कलेक्टर गोयल ने सृजन सभा कक्ष में शिक्षा गुणवत्ता, पोषण और स्वच्छता की बैठक में प्राचार्यो से कही।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि वर्तमान में सभी स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम तक सीमित रह गए हैं, आप सभी और बेहतर कर सकते हैं। हमें बच्चों को उच्च शिक्षा, प्रोफेशनल एग्जाम के लिये तयार करना होगा। हमारे जिले में अन्य जिले की अपेक्षा निजी क्षेत्र में अधिक जॉब्स हैं, लेकिन स्किल के अभाव में हम उन मौकों का लाभ नहीं उठा पाते, आपको उनमें स्किल डेवलप करना होगा। हमें नीट, जेईई जैसे कोर्स के लिए उन्हें तैयार करना होगा। इसके लिए एप्टीट्यूड टेस्ट करवाए। जिससे उनमें कंपीटिशन का भाव पैदा होगा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में वार्षिकोत्सव का आयोजन कर, बच्चों को कार्यक्रम के माध्यम से मंच प्रदान करें। इससे उनकी झिझक दूर होगी। ऐसे कार्यक्रमों में अपने आसपास के योग्य व्यक्तियों को आमंत्रित कर मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से कैरियर गाइडेंस प्रदान करवाए, जिससे बच्चों को कैरियर चुनने में सहायता मिल सके। कलेक्टर गोयल ने कहा कि बच्चों का पोषण आहार महत्वपूर्ण हैं। पोषण के लिए मध्यान्ह भोजन का बेहतर होना आवश्यक हैं। उन्होंने मध्यान्ह भोजन में मुनगा का भी उपयोग करने के लिए कहा। इसके साथ ही निजी स्कूल प्राचार्यो को कैंटीन से जंक फूड एवं कोल्ड ड्रिंक रिप्लेस करने को कहा ताकि बच्चों पौष्टिक आहार मिल सके। कलेक्टर गोयल ने सभी प्राचार्यो को निर्देशित किया कि हमें बच्चों के व्यवहार में स्वच्छता को शामिल करना होगा। बच्चों को वाशरूम, टॉयलेट यूज करने के संबंध में यूनिसेफ द्वारा बनाए गए वीडियो का उपयोग करें, ताकि हमारे बाद अन्य कोई ऐसे स्थान को उपयोग करें।

## छत्तीसगढ़ में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक नागरिकों और सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौतियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह 2024 आयोजित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा माह के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, परिवहन, पुलिस विभाग, एन.सी.सी, एन.एस.एस., स्काउट गाइड्स एवं स्वयंसेवी और समाजसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न संबंधित विभागों के समन्वय और सहयोग से सड़क उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से वाहन चालकों, विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमीनार, नेत्र जांच शिविर सहित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसके साथ ही लोगों के बीच सड़क सुरक्षा की समस्याओं तथा समाधान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह जागरूकता अभियान सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा।

सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के साथ जनजागरूकता हेलमेट रैली, सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, ऑटो वाहन चालकों का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, आंखों के जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्कूल दिवस आयोजित किया जाएगा। स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन, निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ई रिक्शा वाहन चालकों का प्रशिक्षण, बस वाहन चालकों का प्रशिक्षण, गणतंत्र दिवस समारोह में सड़क सुरक्षा पर झांकी एवं बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, एम्बुलेंस ड्रायविंग ट्रेनिंग, वाहनों का फिटनेस, रेडियम स्ट्रिप्स आदि जांच संधारण, शराब सेवन कर वाहन चालन से होने वाले नुकसान पर रैली आयोजित की जाएगी।

इसी प्रकार ग्राम चौपाल में जन जागरूकता के कार्यक्रम, गंभीर सड़क दुर्घटना स्थलों के चिन्हांकन, सड़क सुरक्षा मितानों का प्रशिक्षण, युवाओं के लिये एरोबिक्स जुम्बा के माध्यम से ''स्वस्थ शरीर रखे स्वस्थ मन, स्वस्थ मन रखे सुरक्षित जन'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हेलमेट धारी वाहन चालकों को प्रोत्साहन स्वरूप टाफी वितरण सहित स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सड़क सुरक्षा माह 2024 के आयोजन के संबंध में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा ने सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी किया है।

### कैट सीजी चेप्टर एवं छत्तीसगढ़ चेंबर के संयुक्त तत्वाधान में चेंबर प्रीमियर लीग का आयोजन

## नॉकआउट राउंड में रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन ने अपने खेल का दम दिखाया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन प्रतिभागी टीमों का मुकाबला हुआ। जहां छत्तीसगढ़ साबुन और डिटर्जेंट निर्माता संघ अब तक की सबसे कम रन बनाने वाली टीम बनी वही रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन अब तक की सबसे बड़े स्कोर को चेज़ करने वाली टीम बनी। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से मैन ऑफद मैच, बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बेटर का पुरस्कार अपने नाम किया।

नॉकआउट राउंड के दूसरे दिन के पहले मैच में रवि भवन व्यापारी संघ ने छत्तीसगढ़ लेमिनेट डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन को हराया। रवि भवन व्यापारी संघ से हकीम अंसारी अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफद मैच रहे, वहीं छत्तीसगढ़ लैमिनेट डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन से सचिन बेस्ट बेटर बने और अभिषेक राठौर बेस्ट बॉलर।

नॉकआउट राउंड के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ साबुन और डिटर्जेंट निर्माता संगठन मात्र 6 ओवर 3 बॉल में 31 रन बनाकर ऑल आउट होकर पवेलियन लौट गई जिसको रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन ने केवल एक ओवर तीन बॉल में 35 रन बनाकर जीत हासिल की।

इस मैच के प्लेयर ऑफ़द मैच एवं बेस्ट बॉलर रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के धैर्य नकरानी रहे जिन्होंने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए एक ओवर में तीन विकेट झटके। वही बेस्ट बेटर रायपुर टिंबर मर्चेंट के ही खिलाड़ी तुषार पोकर पटेल को मिला।

नॉकआउट राउंड के तीसरे चरण ''प्री क्वार्टर फाइनल में'' विजेता टीमों के बीच मैच खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए खेल आयोजकों एवं वहां उपस्थित दर्शक दीर्घा को चौंकाते रहे।

टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन एवं रवि भवन व्यापारिक संघ के खिलाड़ियों ने बड़ा ही रोमांचक मैच खेला। इस मैच में रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन ने अब तक के बने सबसे बड़े लक्ष्य को भेदा। रवि भवन व्यापारिक संघ ने टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन को 150 रन का विशाल स्कोर दिया जिसे टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन ने कड़ी मेहनत से 9 विकेट में 152 रन बनाकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

इस रोमांचक मैच में रायपुर टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के कमल छभइया मैन ऑफ़द मैच रहे तथा रवि भवन व्यापारी संघ के हिमांशु धर्मानी बेस्ट बेटर एवं अब्दुल समीम बेस्ट बॉलर रहे। समस्त उत्कृष्ट खिलाडियों को कैट सीजी चेप्टर अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियानः बंजारी मंदिर में हुआ भव्य भजन कीर्तन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान तहत बंजारी रोड़ स्थित बंजारी मंदिर में भव्य भजन कीर्तन एवं महाआरती का अयोजन हुआ। महाआरती में बंजारी रोड व्यापारी संघ सहित अन्य व्यापारी संगठनों के व्यापारी शामिल हुए। भजन कीर्तन मंडली द्वारा मंत्रमुग्ध प्रर्दशन किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेंद्र दोशी ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान तहत बंजारी रोड़ स्थित बंजारी मंदिर में भव्य भजन कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन हुआ। उन्होनें आगे बताया कि 475 साल के इंतजार के बाद रामलला अपने महल में विराजित होंगे, ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा। यही वजह है कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश-विदेश के 5 लाख मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। ताकि बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक इस ऐतिहासिक पल को साक्षी बन सकें। ये पल सभी के लिए बहुत ही खास और ऐतिहासिक होने वाला है। सभी रामभक्त इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनेंगे। 22 जनवरी 2024 'श्रीराम जय राम जय जय राम' विजय मंत्र का 108 बार सामूहिक जाप, पूरे विश्व में करोड़ों घरों में दीपोत्सव दृ ऐसे होगा प्रभु श्रीरामलला का स्वागत करेगें। इस अवसर पर देश-विदेश के रामभक्त अपने-अपने गाँव और मोहल्ले में या उसके नजदीक स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं को एकजुट होकर भजन-कीर्तन करेगें। प्रदेश के सभी बाज़ारों में बड़ी मात्रा में श्री राम ध्वजा, श्री राम अंग्वस्त्र सहित श्री राम के चित्र से अंकित मालाएँ, लाकेट, चाबी के चले, राम दरबार के चित्र, राम मंदिर के मॉडल के चित्र, सजावटी लटकनें, कड़े सहित अनेक प्रकार का सामान उपलब्ध है। प्रदेश में 22 जनवरी तक लगभग 3 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान है। महाआरती में कैट एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### सड़क हादसे में घायल फुलकोड़ो के दो युवाओं की इलाज के दौरान मौत

**अंबागढ़ चौकी (ए)।** मानपुर विकासखंड के खड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलकोड़ो के चोरिया पारा के लिए नया वर्ष का शुरुआत किसी सदमा से कम नहीं रहा। नया वर्ष के पहले ही दिन गांव के युवा खुशी के मौके पर दोस्तों के साथ घूमने निकले थे कि मानपुर और मोहला के बीच उमरपाल केशवटोला मोड़ पर शाम पांच बजे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे मोटर बाइक में बैठे तीन में से दो लड़के बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें 112 सरकारी वाहन से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में भर्ती किया गया जहां शुरुआती जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सकों की टीम ने दोनों लड़कों का परीक्षण किया जिसमें पता चला कि दोनों को सिर तथा चेहरे में गंभीर चोंट है, हाथ और पैर भी टूटे हैं जिससे तंत्रिका तंत्र में गहरी चोंट आई। उन्हें राजधानी के डीकेएस हॉस्पिटल में रेफर किया। जहां जिंदगी और मौत के बीच लड़ते हुए दोनों परिवार के हितेश चौडिया ने पांच जनवरी को तड़के तीन बजे तथा यावेंद्र तुलावी ने नौ जनवरी की रात 1.30 बजे अंतिम सांस ली। एक परिवार में शांति पूजन के दिन दूसरे बच्चे की मौत की खबर से शोक व्याप्त हो गया।

संयोग: इकलौते पुत्र थे, दोनों की बहन का नाम चंचल है दोनों लड़के अपने परिवार में ज्येष्ठ और इकलौते पुत्र थे। दोनों के परिवार में दो छोटी बहनें हैं जिनका नाम चंचल ही है। हितेश की बहन चंचल 14 साल की है जो कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत है वहीं यावेंद्र की बहन चंचल 8 साल की है जो कक्षा तीसरी की छात्रा है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। गांव के दोनों युवा पढ़ाई में दक्ष थे। हितेश का चयन प्रयास संस्था बिलासपुर के लिए हुआ था जहां चार वर्ष अध्ययन किया। कॉलेज की पढ़ाई लीडिंग कॉलेज दिग्विजय महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी प्रथन वर्ष का छात्र था। वही यावेंद्र गांव में आठवीं तक पढ़ाई कर नवमी से जादूटोला में होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**खरोरा (ए)।** बंगोली के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई वहीं उसका पति और बच्चा घायल हो गया। बुधवार को संतोष कुर्रे अपनी पत्नी नंद कुमारी कुर्रे, बच्चा तनमय कुर्रे को पीछे बिठाकर गांव जा रहा था मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 एमबी 5669 से रायपुर से सुंदरावन अपने गांव जा रहा था। जैसे ही बंगोली के पास मेन रोड पर पहुंचा था कि दोपहर करीबन 2:13 बजे को पीछे से आते हुए ट्रक क्र सीजी 22 एम. 9061 के चालक ने मोटर सायकिल को चपेट में ले लिया। जिससे संतोष की कमर में एवं छोटा लडका तन्मय को मामूली चोट आई वहीं उनकी पत्नी नंद कुमारी कुर्रे के सिर, चेहरे में गंभीर चोट लगने से मौके पर उसकी मृत्यु हो गई है। मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगो ने बताया कि गिरते वक्त भी मृतक मां ने अपने बच्चे को बचाने के लिए पूरी कोशिश की जिसके कारण उसका बच्चा सुरक्षित रह गया वहीं महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**राजनांदगांव (ए)।** शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगा ले जाने वाले और उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपी को छुरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोनारी निवासी आरोपी भूपेंद्र निषाद ने नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा दिया। उसके अपने साथ ले गया। जिसे अपने घर में रखकर उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता की परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर भेज दिया है।

# मालकिन को बंधक बनाकर नौकरानी ने की लाखों की चोरी, फिल्मी अंदाज में दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक घर में मालकिन को बंधक बनाकर नौकरानी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फिल्मी अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर से नगदी व सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। महिला की शिकायत के बाद पुलिस एक्टिव हुई और महज कुछ ही देर भी आरोपियों को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के पहाड़ मंदिर के पास स्थित सूर्या विहार कालोनी में बुधवार की सुबह उसी घर में काम करने वाली महिला ने अपनी दो साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह वह अपने साथियों के साथ चेहरा ढककर मकान में दाखिल हुई। महिला जब वॉशरूम से निकली, तब आरोपी लड़की ने मोबाइल से उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। महिला को धमकाते हुए कहा कि अगर इस घटना का जिक्र कहीं किया तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। फिर मकान मालकिन शालिनी अग्रवाल को बंधक बनाते हुए घर के आलमारी में रखे कैश के अलावा करीब पांच लाख रुपए की ज्वैलरी लेकर फरार हो गई।

इसके बाद मालकिन थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। मकान मालकिन शालिनी अग्रवाल ने बताया कि दो दिन पहले ही उसने महिला को घर पर काम करने के लिए रखा था। उनके पति दिनेश कुमार पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं यहां क्रेशर का काम करते हैं। परिवार के साथ रायगढ़ के सुर्या विहार कालोनी में रहते हैं। उनके दो बेटे हैं और दोनों बैंगलोर में रहकर पढाई कर रहे हैं। दिनेश कुमार की पत्नी शालिनी अग्रवाल बुधवार की सुबह घर में अकेली थी इसी दौरान आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और तत्काल मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं साइबर सेल की टीम एक्टिव हुई। पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज जांचे और आरोपियों की लोकेशन के आधार पर उन्हें रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया।

#### अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

सदानंद कुमार ने बताया मुख्य आरोपी महिला नेहा शर्मा ने पहले महिला का अश्लील वीडियो बनाया और किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद उसे बंधक बनाकर लूट लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 50 हजार रुपए कैश और 5 लाख के सोने-चांदी के जेवरात समेत 8 लाख का सामान बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक नेहा शर्मा पति जितेन्द्र शर्मा (24) निवासी सोनूमुड़ा थाना जूटमिल, राखी चौहान पिता जगन्नाथ चौहान (20) निवासी सोनूमुड़ा थाना जूटमिल, ममता महंत पिता अगर दास उम्र (20) निवासी सोनूमुड़ा थाना जूटमिल ने लूट की वारदात को अंजाम दिया।

#### इस तरह रची लूट साजिश

आरोपी नेहा शर्मा ने पुलिस को बताया कि 3 दिन पहले वह शालिनी अग्रवाल के घर काम करने के दौरान उसे उनके अकेले होने और घर पर जेवरात की जानकारी मिल गई थी। उसने ही मोहल्ले की राखी चौहान और ममता महंत के साथ इस लूट की प्लानिंग की थी। लूट के बाद लॉज में रुककर अगली ट्रेन से ओडिशा भागने का इरादा था, इससे पहले ही वे पुलिस के हाथ आ गईं।

## धान के अवैध परिवहन पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 399 क्विंटल धान जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ ही दूसरे राज्यों से धान का अवैध परिवहन भी धड़ल्ले से जारी है। वहीं छत्तीसगढ़ में खाद्य विभाग की टीम इस पर नजर रखे हुए हैं। इस बीच कबीरधाम जिले में खाद्य विभाग ने धान के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। यहां खाद्य विभाग की टीम ने 399 क्विंटल धान जब्त किया है जिसे अवैध रूप से छत्तीगसढ़ के धान खरीदी केन्द्र में खपाने की योजना थी।



कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को टीम ने करीब 399 क्विंटल अवैध धान को जब्त किया गया है। इस धान को यहां के खरीदी केन्द्र में खपाए जाने की तैयारी थी। डिप्टी कलेक्टर और प्रभारी खाद्य अधिकारी आकांक्षा नायक ने बताया कि राजस्व निरीक्षक, मंडी निरीक्षक और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बाघूटोला में अवैध धान परिवहन के दो मामलों में 120 बोरी और 51 बोरी की दो गाड़ी जब्त की गई हैं।

आकांक्षा नायक ने बताया कि 40 किलो के हिसाब से लगभग 70 क्विंटल धान जब्त किया गया और मंडी को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि पंडरिया क्षेत्र के चार प्रकरण में 140 क्विंटल और पंडरिया में 15 प्रकरण में 189 क्विंटल धान जब्त किया गया है। यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। वहीं जिले में 70 प्रतिशत से अधिक किसानों ने अपना धान का विक्रय कर लिया है। बचे हुए शेष दिनों में सभी पात्र किसानों का धान खरीदना है। इस अंतिम दिनों में पूरी सतर्कता के साथ धान की खरीदी करने के निर्देश जिला प्रशासन ने दिए हैं।

## पैसा जमा करने बैंक जा रहे व्यवसायी की जेब कटी, पुलिस ने पीछा कर बदमाश को पकड़ा

### पुलिस ने आरोपी के पास से जब्त की बाइक व नगदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में बैंक में पैसा जमा करने जा रहे व्यवसायी की जेब कट गई। वह जैसे ही बैंक पहुंचा और जेब चेक किया तो पाया कि जेब खाली है। इसके बाद बिना देर किए वह पुलिस के पास पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संदिग्ध की पहचान की और सड़क पर लगे अन्य कैमरों की फुटेज का पीछा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 हजार नगद व बाइक बरामद किया है। मामला कुनकुरी थाने का है।



मिली जानकारी के अनुसार कपिल प्रसाद गुप्ता (64) मंगलवार की दोपहर को कुनकुरी स्थित एक बैंक में 40 हजार रुपए जमा करने गये थे। पैसा अपनी पैंट के जेब में जमा पर्ची सहित रखे थे। बैंक में देखने पर पता चला कि जेब में रखा नगदी रकम 40 हजार उनके जेब में नहीं था। संभवत: किसी ने उनकी जेब काट ली थी। इसके बाद वे तुरंत कुनकुरी थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में बिना देर किए सीसी टीवी फुटेज चेक की।

सीसी टीवी फुटेज में संदिग्ध की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने रास्तों में लगे कैमरों की फुटेज के आधार पर उसका पीछा किया। शिकायत दर्ज होने के लगभग एक घंटे में ही कुनकुरी से ग्राम बम्हनी थाना दुलदुला तक पुलिस ने मोटर सायकल से भाग रहे संदेही दिनेश साहू का पीछा कर उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने जेब से रुपए निकालने की बात मान ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दिनेश साहू को गिरफ्तार कर उसके पास से 40 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त होंडा साईन मोटरसायकल को जब्त किया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सुनील सिंह, एएसआई मनोज साहू, महिला प्रधान आरक्षक अलिका पैंकरा, आरक्षक 597 पूनमलाल, आरक्षक जितेन्द्र गुप्ता, आरक्षक चंद्रशेखर बंजारे का सराहनीय योगदान रहा।

## गोवा में मौज करने के लिए ट्रक के हेल्पर ने भाड़े की रकम चुराई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक ट्रक के हेल्पर ने गोवा में मौज करने का प्लान बनाया और भाड़े की रकम डेढ़ लाख रुपए चुराकर फरार हो गया। ट्रक ड्राइवर को जब पता चला कि भाड़े की रकम हेल्पर चुरा कर फरार हो गया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में वह थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने हेल्पर को गोवा पहुंचने से पहले की गिरफ्तार कर लिया। मामला कुनकुरी थाना क्षेत्र का है।




मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 4180 के चालक चरईडांड़ निवासी भास्कर श्रीराव ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। भास्कर ने बताया कि उसने अपने ट्रक में बलभद्र दास को हेल्पर का काम करने के लिए रखा। उसने बताया कि मंगलवार को रांची से चाल भाड़ा का पैसा डेढ़ लाख रुपए लिए और ट्रक में आलू लोडकर उसे कुनकुरी लेकर पहुंचा। आलू गोदाम में वाहन को खड़ी कर आलू की बोरियो को अनलोड करा रहा था। इस दौरान वह कुछ देर के लिये अपने घर गया एवं वापस आकर देखा तो हेल्पर नहीं बलभद्र नहीं दिखा और ट्रक के केबिन में रखा भाड़ा का पैसा थैला सहित गायब मिला।

#### गोवा में मौज करने निकला हेल्पर, रास्ते में पकड़ाया

भाड़े के ड़ेढ लाख रुपए गायब मिलने पर भास्कर के होश उड़ गए। इसके बाद वह कुनकुरी थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बलभद्र रायगढ़ की ओर भाग रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर रास्ते से ही से पकड़ा लिया। आरोपी बलभद्र के पास से पुलिस ने एक लाख 30 हजार रुपए तथा चोरी की रकम से खरीदी गई मोबाइल जब्त किया। पूछताछ में आरोपी बलभद्र ने बताया कि उसका गोवा में मौज करने का प्लान था इस लिए ट्रक से भाड़े की रकम चुराकर गोवा जाने रायगढ़ रेलवे स्टेशन जा रहा था। इस पूरी कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर परमा, उप निरीक्षक सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, आरक्षक गोविन्द यादव, जितेन्द्र गुप्ता, पूनमलाल, सैनिक अजय श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा।


### कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 05/01/2024

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

**प्रथम आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 25.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सूचना क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 339/दूर्ग(दुर्ग) /2023 | जिला न्यायालय भवन दुर्ग में डिजिटल कम्प्यूटर रूम एवं टायलेट काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य। | 53.47 |
| 340/दुर्ग(बेमेतरा) /2023 | ग्राम-गुनरबोड में नवनिर्मित न्यायिक अधिकारियों/कर्मचारियों के शासकीय आवासगृह में पहुंच मार्ग लं. 526.40 मीटर निर्माण कार्य। | 48.64 |
| 341/दुर्ग(बेमेतरा) /2023 | जिला न्यायालय भवन बेमेतरा में लायर्स हॉल, टायलेट काम्प्लेक्स एवं डिजिटल कम्प्यूटर रूम निर्माण कार्य। | 27.86 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब Portal एवं विभागीय वेबसाइट http:/eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष - 0788-2210876


जी-07036/4



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस


फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### 270 पदों के लिए 19 को रोजगार मेला का आयोजन

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 19 जनवरी 2024 को समय प्रात: 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में नियोजक कैपस्टॉन सर्विस लिमिटेड में प्रोडक्शन एसोसिएट के लिए 100 पद व सिक्योरिटी गार्ड के लिए 100 पद रिक्त है। इसी प्रकार टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड में सीएस कस्टमर सर्विस एसोसिएट के लिए 70 पद रिक्त है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर. के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट केम्प/रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते है।

### निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, काटने व संशोधन का काम जारी

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज 10 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण के शहरी मतदान केंद्रों के सुपरवाइजर और बूथ लेवल ऑफिसर्स की समीक्षा बैठक एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुकेश रावटे, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी महेश राजपूत एवं अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा ली गई। बैठक में निर्वाचक नामावली के अद्यतन कार्य हेतु चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत नवीन नाम जोड़ने, नाम विलोपन, संशोधन आदि के संबंध में केंद्रवार समीक्षा की गई। पूर्व से तैयार किए गए एएसडी सूची के अनुसार स्थाई रूप से स्थानांतरित, मृत निर्वाचकों के नाम हटाने हेतु कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत कम वाले केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु ज्यादा ध्यान देने कहा गया है। पीएसई, डीएसई वाले का भी शत-प्रतिशत निराकरण करने निर्देश दिए गए। एसडीएम मुकेश रावटे ने आयोग के मंशानुरूप एसएसआर कार्यक्रम अर्हता तिथि एक जनवरी .2024 के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 25 जनवरी तक

**दुर्ग।** पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 25 जनवरी तक किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि योजना के तहत परीक्षा का आयोजन कर प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर जिला कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग कार्यालय के साथ प्रधानपाठक, संकुल समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी में जमा किया जा सकता है। छात्रों के चयन का मापदण्ड- छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, छ.ग. राज्य में मान्य अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो। छ.ग. में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5वीं नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो।

# पीएम विश्वकर्मा योजना में रजिस्ट्रेशन, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का मौका

## भिलाई शहर के सभी वार्डों में कल से लगेंगे शिविर, निगम के अधिकारी रहेंगे मौजूद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । भिलाई निगम क्षेत्र के संपूर्ण 70 वार्डों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु लगभग एक माह तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। 12 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक चलने वाला शिविर जोन 1,2,3,4 एवं 5 के प्रत्येक वार्ड के दो स्थान में एक साथ लगाया जाएगा जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा।**



शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन, आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान निगम के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

शिविरों को लेकर बुधवार को निगम सभागार में बैठक में हुई जिसमें शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र संचालक एवं एनयूएलएम की महिला कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय में लगे कारीगर और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट के लिए 15 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान किया जाना है।

### मिलेगी प्रतिदिन 500 रुपए प्रोत्साहन राशि

उन्होंने बताया कि जो पंजीकृत हितग्राही प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उन्हें प्रतिदिन 500 रूपए के प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा । उन्होंने सामुदायिक संगठिका की महिलाओं को बताया कि इस योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, चर्मकार, खिलौना बनाने वाले, झाड़ू, टूकनी बनाने वाले, नाव बनाने, मछली का जाली बूनने वाले, धोबी, मूर्तिकार, लोहार सहित 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरो और शिल्पकारों के रूप में पंजीकृत हितग्राहियों का स्थल अवलोकन कर उनका सत्यापन किया जाना है।

### भिलाई निगम क्षेत्र के इन वार्डों में शिविर

12 एवं 13 जनवरी को वार्ड 01 जुनवानी में दुर्गा मंच एवं सामुदायिक भवन बाजार चैक, वार्ड 14 शांति नगर में दशहरा मैदान गणेश मंच, चंद्र नगर हनुमान मंदिर, वार्ड 30 प्रगति नगर में स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी व प्रगति नगर केम्प 01, वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में शिवालय के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड 57 सेक्टर 4 पूर्व सड़क 06 दुर्गा मंच शेड। 15 एवं 16 जनवरी को वार्ड 02 स्मृति नगर राधाकृष्ण मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर में आंगनबाड़ी भवन एवं सियान सदन सहित आदि जगह पर शिविर लगाया जाएगा।

### अरूण वोरा ने की खरगे व माकन से मुलाकात

# लोकसभा चुनाव और प्रादेशिक संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग / दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। वोरा ने खरगे से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में पराजय के कारणों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

अरूण वोरा ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने सुझाव भी दिये। वोरा ने आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के उचित मार्गदर्शन और प्रादेशिक संगठन की ताकत से कांग्रेस की विजय होगी। चर्चा के दौरान राजीव वोरा भी मौजूद रहे। बाद में वोरा ने कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन से भी सौजन्य भेंट की। चर्चा के दौरान काफी लंबे समय तक कांग्रेस कोषाध्यक्ष पद संभाल चुके दिग्गज कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा की यादों को भी वोरा ने साझा किया।

# कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने धमधा विकासखण्ड के ग्राम कोड़िया का किया औचक निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था से नराज कलेक्टर ने एसडीएम को क्षेत्र के सभी वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने धमधा विकाखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़िया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई न होने के कारण नाराजगी जताई।

धमधा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) विनय सोनी को निर्देश देते हुए कहा कि हफ्ते में एक बार स्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण करे तथा स्वास्थ्य केन्द्र को सुव्यवस्थित करवाए। साथ ही उन्होंने अस्पताल के सामने पैच वर्क कर आवागमन व्यवस्थित करने कहा। कलेक्टर ने अस्पताल के सभी पंजियों का गंभीरता पूर्वक अवलोकन कर प्रसूति कक्ष को और व्यवस्थित कर संस्थागत प्रसव को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने कहा।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला कोड़िया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक और माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों से अध्यन, अध्यापन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिक्षक पंजी एवं अन्य दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रधान पाठक से शिक्षा की गुणवत्ता को और अच्छा करने के लिए छात्र छात्राओं और उनके पालकों की लगातार काउंसलिंग करते रहने कहा। परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने प्राथमिक शाला के बच्चों से चर्चा की और उससे पढ़ाई के बारे में पूछा।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही श्री कृपा राम सिन्हा की पुत्रवधु उषा सिन्हा से बातचीत भी की श्रीमती उषा ने बताया कि पहले हम कच्चे मकान में रहते थे प्रधानमंत्री आवास योजना से पैसे मिलने से पक्के मकान बनाने में तेजी आई है साथ ही पूर्णता की ओर है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी के अभारी हैं।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर लोकेश घ्रुव तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) विनय सोनी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कार्यो को प्राथमिकता के साथ करें पूर्ण - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजनांतर्गत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के लिए महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राथमिकता के साथ इस कार्य को पूर्ण करने को कहा। इस पर महाप्रबंधक ने बताया कि नगरीय निकायों से 6806 आवेदन, विकासखण्ड स्तर पर 3960 इस प्रकार कुल 10766 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय के लिए प्राप्त आवेदनों को ट्रेडवाईस वर्गीकरण करने को कहा। साथ ही आवेदकों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए कौशल प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकर्स की बैठक लेकर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दिए जाने की बात कही।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों का पंजीयन ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी सेंटर) के माध्यम से किया जा रहा है। पंजीयन उपरांत उन्हें परम्परागत व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान एवं ऋण से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्रों में जाकर पंजीयन किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे ऋण लेकर कारोबार शुरू कर सकते हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव सहित उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अयोध्या दर्शन के लिए जिला स्तर पर बनी भाजपा की समिति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अविस्मरणीय और ऐतिहासिक क्षण के बाद अयोध्या दर्शन कब वृहद कार्यक्रम आगामी 25 जनवरी से 25 मार्च 2024 तक अयोध्या दर्शन होना है।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में अयोध्या दर्शन समिति का गठन किया जा रहा है, जिसके अनुसरण में दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल की सहमति से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा दुर्ग जिला अयोध्या दर्शन समिति घोषित की गई है, जिसमें संयोजक सुरेन्द्र कौशिक, सदस्य राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, श्रीमती अमिता बंजारे, श्रीमती जयश्री राजपूत को बनाया गया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि जिला समिति के बाद मंडल स्तर पर भी समिति बनेगी। अयोध्या दर्शन हेतु प्रदेश स्तर पर बनी समिति के मार्गदर्शन में जिला समिति और मंडल समिति कार्य करेगी। हर लोकसभा क्षेत्र से 6000 लोग अयोध्या दर्शन हेतु भेजे जाएंगे, इसके संबंध में विस्तृत गाइडलाइन शीघ्र ही जारी की जाएगी।

# वार्षिकोत्सव में निखरती है छात्र-छात्राओं की प्रतिभा : रिकेश सेन

## कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल के आयोजन में शामिल हुए विधायक, विविध के नाम से कला व संस्कृति की मंचीय प्रस्तुतियों ने मोहा मन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल राम नगर भिलाई का वार्षिकोत्सव नेहरू कल्चरल हाउस सेक्टर 1 में मनाया गया। विविध के नाम आयोजित इस 25 वें वार्षिक आयोजन में कला और संस्कृति की रंगारंग मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथि व पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि छात्र - छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने वार्षिकोत्सव से बेहतर कोई दूसरा मंच नहीं हो सकता।**



कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल राम नगर का वार्षिकोत्सव ' विविध ' धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के छात्र - छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का ऐसा नजारा पेश किया कि दर्शक दीर्घा में उपस्थित उनके पालकों का गौरवान्वित उत्साह देखते बना। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य और भगवान श्री गणेश की स्तुति से हुआ। सिलसिलेवार तरीके से बॉलीवुड डांस, गोविंदा रिमिक्स, गुजराती लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, शिव तांडव, भांगड़ा नृत्य बंगाली नृत्य सहित अन्य क्लासिकल डांस और समाज को जागरुकता का संदेश देने वाले नाटकों के मंचीय प्रस्तुतियों को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खूब सराहना मिली।

इससे पहले स्कूल प्रबंधन ने अनुकरणीय मिसाल पेश करते हुए कार्यक्रम में पालकों के बीच उपस्थित बच्चों के दादी और नानियों को मंच पर आमंत्रित कर दीप प्रज्वलित कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रिकेश सेन ने न्यूनतम शुल्क के साथ बेहतर शैक्षणिक परिवेश और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव में बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। कला और संस्कृति के साथ साथ अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए पालकों को भी ध्यान देना चाहिए। श्री सेन ने स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती जसलीन कौर बुट्टर एवं प्रिंसिपल रणजीत कौर सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने हेतु बुधवार 10 जनवरी 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) विकासखण्ड पाटन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न ग्रामों के लगभग 80 कृषक सम्मिलित हुए।

इन्हें फसल परिवर्तन, जल संरक्षण एवं ऊर्जा दक्ष के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन (कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ') ने अपने अनुभव साझा करते हुए ऊर्जा एवं जल संरक्षण के बारे में अवगत कर नयी तकनीकों के साथ कृषि किये जाने हेतु कृषकों को जागरूक किया। वैज्ञानिक कीट विज्ञान डॉ ईश्वरी कुमार साहू (कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ') ने सिंचाई जल का फसल उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन में जानकारी साझा की गई। क्रेडा विभाग के अधीक्षण अभियंता भानु प्रताप एवं जिला प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा ऊर्जा संरक्षण के विषय में वर्तमान भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व दिशा-निर्देशों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण के बारे में विभिन्न तरीकों/उपायों, सौर ऊर्जा चलित उपकरणों, कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विभागीय योजनाओं की जानकारी कार्यशाला के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विषय विशेषाज्ञ कोमल साहू (रॉवमेंट साल्यूशन), यतेश वर्मा (के.वॉय. एनर्जी) एवं रौनक लुथरा (ऊर्जा टेक्नालॉजी) द्वारा ऊर्जा दक्ष पंपों में ऊर्जा बचत की जानकारी दिया गया। कृषकों द्वारा भविष्य में कृषि कार्य के लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग एवं फसल चक्र अपनाते हुए जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में क्रेडा से नितेश बंछोर (सहायक अभियंता), हरीश श्रीवास्तव (उप-अभियंता), कु. यामिनी देवांगन (उप-अभियंता) एवं क्रेडा के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950